शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 65 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 01 अप्रैल 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होगा, मोदी झुकने वाला नहीं'

### सुप्रीम कोर्ट से उन्हें जमानत नहीं मिल रही; इन बेईमानों ने जो धन लूटा है, वो गरीबों को लौटाऊंगा: पीएम मोदी

**लखनऊ**

**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ** नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रचार की शुरूआत मेरठ से की। प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए चुनाव का एजेंडा तो सेट किया ही, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर भी तीखा हमला बोला। पांच साल पहले इसी शहर से प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 के चुनाव का शंखनाद किया था। मेरठ की क्रांतिधरा से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने किसानों, गरीबों, महिलाओं, सैनिकों, युवाओं सबका जिक्र किया। वहीं अपनी सरकार की दस साल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा भी रखा। प्रधानमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, तीन तलाक पर कानून, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने, नारी शक्ति वंदन अधिनियम और सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन योजना का विशेष तौर पर उल्लेख किया। यानी मोदी ने चुनाव का एजेंडा सेट कर दिया। उन्होंने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार पर जोरदार हमला मेरठ की जमीन से बोलकर यह साफ कर दिया है, चुनाव में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा रहेगा और वह इस मुद्दे पर विपक्ष को घेरते रहेंगे।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष के भ्रष्टाचार पर करारा प्रहार करते हुए कहा, मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहा हूं तो इससे कुछ लोग बौखला गए हैं। वे अपना आपा खो बैठे हैं। मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं कि मोदी की गारंटी कहती है कि मोदी का मंत्र है भ्रष्टाचार हटाओ, वे कहते हैं भ्रष्टाचारी बचाओ। ये चुनाव दो खेमों की लड़ाई है। इस चुनाव में दो खेमा मैदान में है। एक वे जो भ्रष्टाचारी को बचाना चाहते हैं और एक एनडीए जो भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहता है। ये खत्म होना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, इंडी गठबंधन बना लिया है, इनको लगता है मोदी इनसे डर जाएगा, लेकिन मेरा भारत मेरा परिवार है। बड़े भ्रष्टाचारी सालाखों के पीछे हैं। सुप्रीम कोर्ट तक जमानत नहीं मिल रही है और इसीलिए कई बड़े भ्रष्टारियों को कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।



"मैं भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई कर रहा हूं तो इससे कुछ लोग बौखला गए हैं। वे अपना आपा खो बैठे हैं"

### 'अयोध्या में कभी राम मंदिर बनेगा लोगों को सपना लगता था'



**पीएम** ने कहा कि कहा कि कभी अयोध्या में राम मंदिर बनेगा ये लोगों को मुश्किल लगता था। लेकिन राम मंदिर बना और इस बार अवध में राम लला ने भी खूब होली खेली।

साथियों आर्टिकल 370 भी हटा है और जम्मू कश्मीर का विकास भी हो रहा है। ये मोदी गरीबी से टक्कर लेकर यहां पहुंचा है इसलिए हर गरीब का दुख, हर गरीब की तकलीफ मोदी भली भांति समझता है। इसीलिए हमने गरीब की चिंता दूर करने के लिए योजनाएं बनाई। गरीब को इलाज की चिंता ने हो इसलिए पांच लाख वाली आयुष्मान योजना बनाई। मुफ्त राशन दे रही है। जिसको किसी ने नहीं बूझा उसका सम्मान हमने लौटाया है।

**नौजावानों के लिए नए अवसर बनाए आगे बढ़ रहा भारत**

पीएम मोदी ने कहा-साथियों मैं लाल किले से कहा था यही समय है सही समय है भारत का समय आ गया है भारत चल पड़ा है आज भारत में तेजी से आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहा है आज भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर अभूतपूर्व निवेश कर रहा है आज हर सेक्टर में नौजवानों के लिए अनगिनत नए अवसर बन रहे हैं आज देश की नारी शक्ति नए संकल्पों के साथ आगे आ रही है आज भारत की साख दुनिया भर में भारत की साख नई ऊंचाई पर है।

### 'नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही'



**पीएम ने** कहा कि यह मोदी की गारंटी है तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने पर काम कर रहा है। साथियों नमो ड्रोन दीदी योजना भी गांव में बहनों का भाग्य बदलने जा रही है इसमें महिला स्वयं सहायता समूह को आधुनिक ड्रोन दिए जा रहे हैं। यह ड्रोन हमारी खेती का भविष्य बदलने वाले हैं। खेती का काम आसान करने वाले हैं। जब गांव की बेटियां ड्रोन पायलट बनेगी उनका गौरव भी बढ़ेगा उनकी कमाई भी बढ़ेगी और किसानी भी सरल हो जाएगी।

**महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी**

लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को आरक्षण भी पहले संभव लगता था लेकिन नारी शक्ति अभिनंदन अधिनियम संभव लगता है। चार करोड़ गरीबों को पक्के घर बना कर दिए यह हमारी सरकार है, जो 11 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर महिलाओं की गरिमा की रक्षा की है। यह हमारी सरकार है जिसने ढाई करोड़ से ज्यादा घरों में बिजली कनेक्शन देकर उनके जीवन से अंधेरा दूर किया है। ढाई करोड़ बहनों बीते 10 वर्ष देश में माता-बहनों और बेटियों के लिए सुविधा सुरक्षा और सम्मान कर रहे हैं। आने वाले पांच वर्ष नारी शक्ति की समृद्धि के होने वाले हैं देश में करोड़ों बहन और बेटियों को पहली बार उद्यमी बनाया है पुलिस हो या फिर अर्धसैनिक बल हो इसमें आज बेटियों की संख्या 2 गुना से अधिक हो चुकी है मुद्रा योजना ने करोड़ों बहनों को पहली बार अपना बिजनेस शुरू करने का संबल दिया है।

## कहां हैं राघव चड्ढा? पवार खेमे ने पूछा सवाल

**मुंबई**

दिल्ली शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल 1 अप्रैल तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं। उधर राकांपा-एसपी ने आम आदमी पार्टी नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को लेकर सवाल पूछा है कि आखिर चड्ढा किधर हैं?

**जितेंद्र आव्हाड ने पूछा- कहां हैं राघव चड्ढा**

राकांपा-एसपी नेता जितेंद्र आव्हाड ने राघव चड्ढा की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में हैं और पार्टी के बड़े नेता राघव चड्ढा गायब हैं। मीडिया से बात करते हुए आव्हाड ने आतिशी जैसे अन्य आप नेताओं की उपस्थिति की ओर इशारा करते हुए चड्ढा पर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि इस समय आम आदमी पार्टी को अपने बुद्धिमान नेता की जरूरत थी और उनके गायब होने से आप कार्यकताओं को दुख हुआ है। सिर्फ इतना ही नहीं आव्हाड ने एक्स पर भी लिखा कि राघव चड्ढा कहां हैं? हालांकि अब उन्होंने इस पोस्ट को हटा दिया है।

**इस समय पार्टी को राघव की जरूरत- आव्हाड**

आव्हाड ने आगे कहा कि इस समय आप के सभी नेता दिख रहे हैं। खासतौर पर आतिशी बेहद सक्रिय नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि राघव चड्ढा पार्टी के बहुत बुद्धिमान नेता हैं और उनके गायब होने से पार्टी कार्यकर्ता आहत हैं। उन्होंने कहा कि अगर राघव चड्ढा लंदन में भी हैं तो कम से कम वहां से भी कोई टिप्पणी कर सकते हैं। वह वीडियो बनाकर सकते हैं और पार्टी को अपना संदेश भेज सकते हैं।

## कूचबिहार में प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी सभा चार अप्रैल को

**कूचबिहार**

लोकसभा चुनाव के प्रचार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चार अप्रैल को कूचबिहार आ रहे हैं। कूचबिहार रास मेला मैदान में प्रधानमंत्री एक जनसभा संबोधित करेंगे। इस सभा को लेकर जिला नेतृत्व ने तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा पश्चिम बंगाल के प्रदेश प्रभारी मंगल पांडे, कूचबिहार भाजपा जिलाध्यक्ष, विधायक सुकुमार राय, अन्य नेताओं ने रविवार को कूचबिहार रास मेला मैदान का जायजा लिया।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी उपस्थित रहे।

## आज का युवा रोजगार देने वाला: पीयूष गोयल

**मुंबई**

**केंद्रीय मंत्री** पीयूष गोयल ने कहा कि आज का युवा सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागता है बल्कि रोजगार देने वाला बन गया है।

**वोट डालने का अनुरोध:** उत्तर मुंबई लोकसभा क्षेत्र के मलाड उपनगर में आदर्श वेलफेयर एसोसिएशन के निवासियों की शनिवार रात को हुई एक बैठक को केंद्रीय मंत्री गोयल संबोधित कर रहे थे। वहीं उत्तर मुंबई से भाजपा के मौजूदा सांसद गोपाल शेट्टी ने हाउसिंग कॉम्प्लेक्स के सदस्यों से गोयल के लिए वोट डालने का अनुरोध किया।



**आज के युवा देश को आगे ले जा रहे**

पीयूष गोयल ने कहा, 'आज के युवक और युवतियां सरकारी नौकरी के पीछे नहीं भागते हैं बल्कि खुद की प्रतिभा के दम पर रोजगार देने वाले बन जाते हैं। आज के युवा देश को नए प्रयोगों और तकनीकियों के साथ आगे ले जा रहे हैं।'

**मोदी ने कई ठोस कदम उठाए**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले 10 सालों में पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई ठोस कदम उठाए। उन्होंने सभी क्षेत्रों में सुशासन लाने की कोशिश की है। उन्होंने गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू कीं। मंत्री ने आगे कहा कि मोदी ने भारत को कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में लाने के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बन जाएगा।

## गृहमंत्री शाह ने ली लोकसभा कलस्टर प्रबंधन और कलस्टर कोर कमेटी की बैठक



**जयपुर**

**गृहमंत्री** अमित शाह ने रविवार को जयपुर के होटल ललित से लोकसभा चुनाव प्रचार का आगाज किया। इस दौरान उन्होंने आठ लोकसभा क्षेत्रों के कलस्टर प्रभारियों की बैठक ली और चुनावी प्रबंधन के साथ रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। कलस्टर कोर कमेटी की संयुक्त बैठक में कमेटी के सदस्यों को केंद्रीय नेताओं के प्रवास चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार संबंधी सभी विषयों पर गहन मंथन किया गया। बैठक के दौरान शाह ने प्रदेश की सभी 25 सीटों पर हैट्रिक लगाने के लिए काम के बंटवारे और आगामी रणनीति पर कोर कमेटी सदस्यों से सवाल किए। साथ ही कमेटी सदस्यों से इस संबंध में सुझाव भी लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा 370 और एनडीए 400 पार के नारे में हम सब नेताओं की सहभागिता तय करनी होगी। बैठक में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुख को जिम्मेदारी दी जाएगी। गृहमंत्री शाह ने बैठक में कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में 15 प्रतिशत ज्यादा मार्जिन से जीतने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके लिए बूथ प्रबंधन मजबूत करना होगा। साथ ही शक्ति केंद्र प्रभारियों और पन्ना प्रमुख से लेकर हर कार्यकर्ता की चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। कार्यकताओं को सहजता से सहयोग कर पार्टी को मजबूत करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा मौजूद रहे।

## बदरुद्दीन के पास दूसरी-तीसरी शादी का मौका: सीएम हिमंता

### चुनाव के बाद यूसीसी लागू करूंगा, तब शादी की तो उन्हें जेल हो जाएगी



**गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार (30 मार्च) को ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पार्टी के चीफ बदरुद्दीन अजमल को कहा कि आपको दोबारा शादी करनी है तो अभी मौका है, क्योंकि चुनाव के बाद राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू हो जाएगा। तब दूसरी-तीसरी शादी की तो जेल हो जाएगी। दरअसल, असम के धुबरी सीट से सांसद बदरुद्दीन अजमल ने पहले कहा था कि भाजपा मुसलमानों को भड़काने की कोशिश कर रही है। अगर मुसलमान दोबारा शादी करना चाहते हैं तो उन्हें कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि उनका धर्म उन्हें ऐसा करने की इजाजत देता है। अजमल के इसी बयान पर पलटवार करते हुए असम के उदलगिरी में हिमंता ने कहा- अगर अजमल अभी शादी करेंगे और मुझे बुलाएंगे तो मैं बिलकुल आऊंगा, लेकिन चुनाव के बाद वे ऐसा नहीं कर सकेंगे, क्योंकि कानून सबके लिए बराबर होता है।

## अब 11 व 12 जून को होगी यूपी कैटेट प्रवेश परीक्षा

**कानपुर**

**उत्तर** प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपी कैटेट) की परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन कर दिया गया। अब यह परीक्षा 11 एवं 12 जून 2024 को होगी संपन्न होगी। यह जानकारी रविवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुल सचिव डॉ.पी के उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में निर्धारित स्नातक की प्रवेश परीक्षा 6 जून और परास्नातक व पीएचडी प्रवेश परीक्षा 7 जून को संपन्न होनी थी,लेकिन ये परीक्षाएं अब स्नातक 11 जून व परास्नातक तथा पीएचडी प्रवेश परीक्षा 12 जून 2024 को संपन्न कराई जाएगी। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि यूपी कैटेट 2024 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरे जा रहे हैं। प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

## यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

### "अंजुम कादरी ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट का आदेश रद्द करने की मांग की"

**नई दिल्ली**

यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल हुई है जिसमें यूपी मदरसा एक्ट रद्द करने के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है। अंजुम कादरी ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट का आदेश रद्द करने की मांग की है।



**ठहराया गया था असंवैधानिक**

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने गत 22 मार्च को यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजूकेशन एक्ट 2004 को असंवैधानिक ठहरा दिया था। हाई कोर्ट ने आदेश में कहा था कि यूपी बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन बोर्ड एक्ट पंथनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है। पंथनिरपेक्षता संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा है।

**हाई कोर्ट का आदेश गलत**

हाई कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट को संविधान के अनुच्छेद 14, अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन बताया था। इतना ही नहीं हाई कोर्ट ने मदरसा एक्ट को यूजीसी की धारा 22 का भी उल्लंघन माना था। अंजुम कादरी ने वकील प्रदीप यादव और संजीव मल्होत्रा के जरिये दाखिल की गई विशेष अनुमति याचिका में कहा है कि हाई कोर्ट का आदेश गलत है।

**हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने की मांग**

हाई कोर्ट ने आदेश देते वक्त सुप्रीम कोर्ट के संविधान पीठ के पूर्व फैसलों पर गौर नहीं किया और यूपी मदरसा एक्ट को असंवैधानिक घोषित कर दिया। आदेश देने में हाई कोर्ट ने विधायिका के क्षेत्राधिकार का भी अतिक्रमण किया है। याचिका में मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों के भविष्य की दुहाई देते हुए हाई कोर्ट के आदेश पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई है।

# रेलवे यात्री सुरक्षा और सुविधाएं एसोसिएशन द्वारा करो योग रहो निरोग योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** रविवार को आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत ह्यरेलवे यात्री सुरक्षा और सुविधाएं एसोसिएशनह्न द्वारा चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रातः 6:00 बजे करो योग रहो निरोग योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रेल समाचार ब्यूरो के संपादक श्री ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री संजय सिंह जी थे. यह योगोत्सव कार्यक्रम इति इति योगाश्रम के योगाचार्य निशांत कुमार झा द्वारा संचालित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस -2024 की 100-दिवसीय उलटी गिनती के सम्मान में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भव अभियान की एक व्यापक राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य सेवा पहल है जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम छोर तक प्रदान करना है। यह अभियान 21 जून 2024 तक चलेगा, इसके अंतर्गत जगह जगह योग कार्यक्रम आयोजित कर रेल परिवार और अन्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जायेगा। सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के सहयोग से इस कार्यक्रम को आयोजित कराया गया. कार्यक्रम में ब्रिगेड के लगभग 30 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया. अपर मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज, श्री संजय सिंह जी ने इस कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की सराहना की. इस कार्यक्रम को संपन्न करने में सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्य उदय चंद्र मौर्य, पवन कुमार, सोनू कुमार, कालीचरन, राजीव कुमार, अमित मौर्या,आशीष कुमार, सतपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा. रेलवे यात्री सुरक्षा और सुविधाएं एसोसिएशन द्वारा सराहनीय योगदान के लिए मंडल सचिव श्री आलोक कुमार वर्मा को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक जी ने कहा योग हम सभी के लिए लाभप्रद है इससे हमारे जीवन का समग्र विकास होता है. योग से शारीरिक, मानसिक, नैतिक, आध्यात्मिक व सामाजिक विकास होता है. योग जीवन जीने की कला है। इस कार्यक्रम में कला प्रतियोगिता तथा करो योग रहो निरोग विषय पर बच्चों ने निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यक्रम में 600 से अधिक लोगों ने भागीदारी की।

## शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी का प्राचीन वार्षिक मेला महा श्रृंगार मंगलवार 2 अप्रैल को

**प्रयागराज।** शक्तिपीठ मां कल्याणी देवी का प्राचीन वार्षिक मेला 1 अप्रैल से 3 अप्रैल 2024 तक होगा मुख्य अष्टमी का मेला मंगलवार 2 अप्रैल को होगा अष्टमी को प्रातः 4:00 बजे मां की मंगला आरती के पश्चात दर्शन पूजन हेतु मंदिर का पट खुलेगा पूजन का क्रम मध्यान 2:00 बजे तक चलेगा मध्यान 3 से 5 बजे तक मां का महा अभिषेक नौचंडी दुर्गा सप्तशती का पाठ कुमारी कन्याओं का पूजन एवं हवन होगा शाम 7:00 बजे से मां कल्याणी जी के महा श्रृंगार का दर्शन संपूर्ण रात्रि भक्तों को प्राप्त होगा मां का महाश्रृंगार संपूर्ण स्वर्ण आभूषणों के साथ महिषासुर मर्दिनी के स्वरूप में किया जाएगा पूरे मंदिर के सज्जा, पुष्प ,फलमेवा के द्वारा की जाएगी। मेला क्षेत्र में संपूर्ण रात्रि में भगवती जागरण लोकगीत आदि आयोजन होंगे अनेक समुदाय के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों से बाजे गाजे के साथ मां का ध्वज निशान चढ़ाने भक्त आएंगे 1 अप्रैल एवं 3 अप्रैल को भी शाम 6:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक मां कल्याणी जी के नवीन श्रृंगार का दर्शन होगा।

# दबंगो द्वारा सरकारी सोलर को पहले जहां लगा था वहां से उखाड़ कर लगाया अपने घर के सामने

## शिकायत पर एसडीएम बारा ने जसरा एसओ लालापुर को दिए जांच कर कारवाही के आदेश

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** क्षेत्र के ग्रामपंचायत महेरा तरहार विकासखंड जसरा मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत सोलर स्ट्रीट लाइट गांव महेरा मे ही घूरपुर से लालापुर मार्ग पर लगी थी जिसे दिनांक 29-03-2024 को सुबह 7 बजे गांव के ही दबंग किस्म के व्यक्ति एवं दो अन्य व्यक्तियों के द्वारा उक्त सोलर स्ट्रीट लाइट को सोरे पुस्ति से सार्वजनिक स्थल से उखाड़ कर अपने निजी मकान के बाउंड्री पर लगा लिया गांव के सामाजिक व्यक्तियों ने एसडीएम बारा से लिखित शिकायत पत्र देकर दोषियो पर कारवाही हो और सामाजिक व्यक्ति ने रोष व्याप्त किया है।



फोटो में पहले कहाँ लगा रहा था अब कहां लगा है देखा जा सकता है

# रेलवे ट्रैक बन गया है जानलेवा हो सकता है किसी दिन भयानक हादसा!

### स्टेशन अधीक्षक द्वारा पत्र लिखने के बावजूद नहीं हो रहा है मरम्मत



**मऊआइमा।** मऊआइमा कस्बा रेलवे फाटक ट्रैक सडक से काफी ऊंचा हो जाने से आते जाते वाहनों के फिसलने से एवं पलटने का खतरा बना हुआ है। परन्तु विभाग शायद किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। मऊआइमा कस्बा के रेलवे फाटक के रेलवे ट्रैक की पटरियों पर से गिट्टियां उखड गयी है। जिससे रेलवे ट्रैक के इर्द-गिर्द गढडे बन गए हैं। वाहनों के गुजरते समय वह काफी देर तक फंसे रहते हैं और पटरियां फिसलती रहती हैं। रोजमर्रा बाइकों,चार पहिया,ई रिक्शा आदि ट्रैक में फंस जाते हैं। और कभी कभार पलट भी जाते हैं।ट्रैक के इर्द-गिर्द गिट्टियां उखड जाने और बड़ा हादसे की संभावना को देखते हुए कई बार मऊआइमा स्टेशन अधीक्षक ने रेलवे के जिम्मेदारान को बार बार पत्र लिख कर अवगत कराते चले आ रहे हैं। परन्तु कोई ध्यान न देने से हादसे की संभावना से कोई इंकार नहीं कर सकता है।बताते हैं कि तीव्र गति से गुजर रही ट्रैनों से आस पास पटरियां बुरी तरह हिलने लगती हैं। स्थानीय लोगों ने तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराने की मांग की है।

# केसरवानी वैश्य समाज के होली मिलन समारोह में हुई फाग और हास्य व्यंग की बौछार

**प्रयागराज।** केसरवानी वैश्य सभा प्रयागराज के तत्वावधान में आज भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां विभिन्न कलाकारों द्वारा होली गीत फाग और हास्य व्यंग की बौछार हुई। समारोह की अध्यक्षता करते हुए केसरवानी वैश्य सभा के अध्यक्ष पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य भाजपा नेता राम जी केसरवानी ने कहा कि होली के पर्व पर समाज के लोगों को आपसी भाईचारे के माध्यम से देश एवं प्रदेश के लोगों को एक सूत्र में बांधने का काम किया जाए ।उन्होंने कहा कि आज केसरवानी समाज विभिन्न क्षेत्रों राजनीतिक शिक्षा न्यायिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर कार्य कर रहा है यह गौरव का विषय है। ठाकुरदीन का हाता बहादुरगंज स्थित केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला में आयोजित होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि आज हमारा समाज आधुनिकता की अंधी दौड़ में जिस तरह से शामिल होकर परिवार सहित बार और डांस क्लब में




शिरकत कर रहे हैं वह हमारे समाज को पतन की ओर ले जा रहा है ।हमें ऐसे कृतियों से दूर रहकर परिवार और समाज को विकास निर्माण की दिशा में ले जाने का कार्य करना होगा। होली मिलन के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी एवं नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डन अनिल कुमार गुप्ता अन्नू भइया ने कहा कि हमारे समाज में प्रतिभाओं की कमी नहीं है जरूरत इन प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देकर आगे बढ़ाने की है और केसरवानी वैश्य सभा इस कार्य को बाखूबी निभा भी रहा है यह सराहनी है और यही बच्चे ही आगे चलकर हमारे केसरवानी समाज का नाम रोशन करेंगे। केसरवानी वैश्य सभा धर्मशाला के अध्यक्ष रजनीश केसरवानी ने कहा कि हमारे समाज को लोग खास कर राजनीतिक संगठन एवम प्रशासनिक अधिकारी शोषण की वस्तु समझते हैं और इसके लिए कमोवेश हम स्वयं जिम्मेदार हैं क्योंकि हम स्वयं धन कमाने के लिए दौड़ में अपने अधिकारों प्रति सचेत नहीं रहते । उन्होंने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि हमारे समाज का भला हो समाज की सत्ता में भागीदारी अति आवश्यक है जिसके माध्यम से हम सरकार में रहकर ही समाज का भला कर सकते है । इसलिए दलगत राजनीति से उठकर केसरवानी समाज का व्यक्ति यदि कहीं भी है हम एकजुट होकर वह समाज की शक्ति का परिचय देते हुए उसे विजयी बनाने का काम करेंगे तभी लोग हमें महत्व मिलेगा क्योंकि अनादि काल से आज तक लोग शक्ति के सामने ही सिर झुकाते आए हैं कमजोर को हमेशा दबाने उसके शोषण का कार्य किया जाता है।

समारोह में मुख्य रूप से दिनेश गुप्ता, हरिश्चंद्र गुप्ता , राजेश केसरवानी,डॉ अशोक गुप्ता, रवि गुप्ता सुनीर केसरवनी , राजेंद्र गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, पंकज गुप्ता ,जय प्रकाश आर्य, अनूप केसरवानी, राकेश केसरवानी ,सत्य प्रकाश , लवकुश केसरवानी , विवेक केसरवानी, बैजनाथ केसरवानी, दिनेश केसरवानी चाकघाट सुभाष केसरवानी कृष्ण कुमार केसरी शिवनाथ गुप्ता रविंद्र केसरी शंकर लाल केशरवानी प्रेम नारायण केशरवानी गोरखनाथ केसरवानी सुनील केसरवानी उर्फ पप्पू कटरा आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# मांडा में अपहरण के मामले में बाल अपचारी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश।




**मांडा।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में भुक्तभोगी के तहरीर पर 28 मार्च को मांडा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया और पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

गौरतलब हो कि मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक किशोरी के अपहरण के मामले में दर्ज आरोपी को मस्तान शाहबाबा तिराहा से लगभग सौ मीटर पहले 31मार्च को दिघिया चौकी एसआई सन्नेश बाबू गौतम ने पुलिस टीम के साथ मुखबीर की सूचना पर सरायकला, थाना मांडा निवासी राज नाथ भारतीया पुत्र भाई लाल भारतीया को गिरफ्तार कर लिया। और आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया है। उक्त पुलिसिया कार्रवाई से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है।

# तर्पण श्राद्ध के उपरांत पितरों के लिए गया यात्रा पर निकले भक्त

**सहसों।** सनातन धर्म के अनुसार पितरों के शान्ति के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान हेतु अश्विन मास के कृष्ण पक्ष/पितृ पक्ष के बाद चैत्र मास कृष्ण पक्ष भी उत्तम माना गया है। इस मास के पितृपक्ष में भी पितरों के शांति के लिए पूजन पाठ व श्राद्ध आदि करके पुत्र लोग अपने पितरों की पूजा पाठ कर श्राद्ध क्रिया करते हैं। जिससे पित्र देव खुश होकर अपने पुत्रों की यश कीर्ति, धन-धान्य, सुख समृद्धि एवं परिवार की कल्याण का आशीर्वाद देते हैं। श्राद्ध कर्म गया यात्रा के लिए मीरापुर सहसों निवासी नेबू लाल पुष्कर एवं लल्लू राम केसरवानी सपत्नीक ने घर पर तर्पण, श्राद्ध, पूजन हवन इत्यादि के पश्चात रविवार को अपने माता-पिता एवं अन्य पितरों को गया धाम में श्राद्ध के लिए यात्रा पर रवाना हुए। इस अवसर पर यात्रा से पहले घर पर विधि विधान से तर्पण पिंडदान एवं पूजन पाठ आचार्य विद्वान द्वारा कराया गया। इस मौके पर आचार्यों ने अपने यजमान को गयाधाम महात्म्य को बताते हुए बताए कि गरुण पुराण के अनुसार गयाधाम करने का मतलब है कि गया में पितरों का श्राद्ध एवं पिंडदान का विशेष महत्व बताया गया है। पितरों हेतु गयाधाम के लिए घर से निकलने पर एक-एक कदम पितरों के स्वगारोहण के लिए एक-एक सीढ़ी बन जाती हैं। शास्त्रों के अनुसार गयाधाम



यानी कि यह मोक्ष की भूमि मानी गई है। तत्पश्चात नेबू लाल पुष्कर एवं लालू राम केसरवानी ने अपने कुटुंब एवं सगे संबंधियों के साथ भ्रमण करते पास पड़ोस एवं मोहल्ले में अक्षत छिड़कते हुए मंगल गीत के ध्वनि से गाजेबाजे के साथ गयाधाम के लिए रवाना हुए। इस मौके रामबाबू पुष्कर, राज बहादुर पुष्कर, लाल बहादुर पुष्कर, अरिंदम पुष्कर, अरिहंत पुष्कर, शिवम पुष्कर एवं हरिश्चंद्र केसरवानी, रामचंद्र केसरवानी, प्रकाश केसरवानी, रितेश केशरवानी, ऋषभ, रामजी व जितेन्द्र केसरवानी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# मेजा के दीघिया गांव की बेटी मधुलिका बनी डॉक्टर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के दिघिया गांव की बेटी मधुलिका शुक्ला ने डॉक्टर बन कर गांव के साथ साथ पूरे मेजा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उल्लेखनीय है कि मधुलिका पुत्री दिनेश शुक्ला ने सन् 2018 में काफी अथक प्रयास से नीट की परीक्षा पास कर देश की सबसे कठिन परीक्षा में सफलता प्राप्त की थी। मधुलिका ने एमबीबीएस कोर्स के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज दतिया मध्य प्रदेश में दाखिला लिया था। गौरतलब है कि पांच वर्ष तक कड़ी मेहनत और परिश्रम के पश्चात एमबीबीएस कोर्स पूरा कर इसी वर्ष मधुलिका ने यह सफलता हासिल किया है। बताया जाता है कि मधुलिका का अगले 2 साल में स्पेशलाइजेशन का कोर्स पूरा होगा। उसके बाद एमडी की डिग्री मिलेगी। इसके पूर्व वह एक वर्ष तक इंटर्नशिप इसी कॉलेज से करने का निर्णय लिया है। बता दें कि मधुलिका की इस सफलता पर उसके दादा राम सजीव शुक्ला बेहद प्रसन्न हैं और उन्होंने बताया कि उनकी पोती ने अपनी उपलब्धि से न सिर्फ उनके



परिवार का नाम रोशन किया है बल्कि मधुलिका ने पूरे मेजा तहसील का नाम रोशन किया है। मधुलिका के पिता दिनेश शुक्ला ने कहा कि उनकी बेटी को उसकी कड़ी मेहनत और लगन का फल मिला। उन्होंने बताया कि मधुलिका बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी एवं लगनशील थी। मधुलिका के चाचा जय शुक्ला ने मधुलिका कि इस कामयाबी पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि मधुलिका ने शुक्ला खानदान का नाम रोशन किया है। मधुलिका की इस उपलब्धि पर गांव परिवार के साथ साथ सम्पूर्ण मेजा क्षेत्र को गर्व है। जय शुक्ला ने बताया कि मधुलिका के गांव आने पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## मनरेगा कर्मियों को नहीं मिला आठ माह का वेतन पहुंचे भुखमरी के कगार पर

**मेजा।** विकासखण्ड उरुवा में मनरेगा कर्मियों का आठ माह से वेतन न मिलने से वे भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। कई बार मनरेगा कर्मी अपनी वेतन की मांग किए लेकिन उसके बाद भी उन्हें वेतन नहीं दिया गया। इस संबंध में संगठन के जिलाध्यक्ष अनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि विकासखण्ड उरुवा के मनरेगा कर्मियो का विगत आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। शासन द्वारा 31 मार्च को मनरेगा कर्मियों के भुगतान हेतु पर्याप्त धनराशि हस्तांतरित की गयी थी। विकास खण्ड का प्रशासनिक मद होने के बाद भी खण्ड विकास अधिकारी उरुवा के मनमाने रवैये के कारण मात्र दो माह का मानदेय भुगतान किया गया था। जिसके कारण मनरेगा कर्मियों में रोष व्याप्त है। मनरेगा कर्मियों द्वारा कहा जा रहा है कि मनरेगा का कार्य नहीं किया जायेगा। आठ माह से मानदेय प्राप्त न होने के कारण सभी कर्मियों का परिवार भुखमरी के कगार पर है। मनरेगा कर्मियों ने बताया कि धीरेश कुमार गुप्ता खण्ड विकास अधिकारी उरुवा के इस रवैये से मनरेगा कर्मी अब उच्चाधिकारियों से संम्पर्क करके अपनी ब्यथा बताने को मजबूर हो गए हैं।

# होली परंपरागत आपसी सद्भाव एवं भाईचारा का है प्रतीक : उज्जवल

**मेजा।** कृष्णानगर सिरसा स्थित राजेन्द्र सिंह एके-डमी स्कूल में रविवार को पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू यादव की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह रहे। उल्लेखनीय है कि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम कृष्ण उर्फ पप्पू यादव के कालेज में हुए इस कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं प्रयागराज संसदीय सीट से लोक सभा चुनाव के प्रबल दावेदार उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि होली आपसी सद्भाव एवं भाई चारा का त्योहार है। होली मिलन कार्यक्रम की परंपरा जीवित रहनी चाहिए। उन्होंने कहा लोग परंपरागत चली आ रही पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे हैं जो समाज के विकास के लिए अच्छी बात नहीं है। कार्यक्रम में सपा नेता लल्लन सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रमील यादव, राम सागर उर्फ मुखिया यादव आदि ने भी अपने अपने विचार रखते हुए उपस्थित लोगों के साथ फूल की होली खेली। इस मौके पर दिलावर सिंह, रामजी यादव नन्हे लाल यादव, काशी नरेश यादव, प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह, सरस सोनकर, गुलजार अहमद, देवानंद सिंह, विजय बहादुर उर्फ खन्ना यादव, डाक्टर राम मूर्ति यादव, राकेश यादव, जय

### सिरसा के कृष्णानगर स्थित राजेंद्र सिंह एकेडमी स्कूल में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह




प्रकाश सिंह, प्रदीप कुमार, रियाज, बाबा यादव, राम शिरोमणि, प्रधान राम सिंह, अनिल कुमार रजक, मुनीष तिवारी, इंतियाज अहमद सहित कई सपा नेता व कार्यकर्ता रहे। समा बांधने के लिए कार्यक्रम में देवहटा गांव ऐप पर पढ़ें साथ पहुंचे होली गीत गायक कलाकार भगवान दास यादव ने होली मिलन गीत निक लागे होली का दिन त्योहार, फागुन में फगुवा निक लागे । होली मिलन में अबीर गुलाल कार्यक्रम संयोजक पप्पू यादव ने फूलों से होली खेली। संचालन अधिवक्ता शिव कैलाश यादव ने किया। सपाईयों के हुजुम ने होली मनाते हुए उज्जवल रमण सिंह को लोकसभा चुनाव में जिताने की अपील की।

# न्यूज झरोखा

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने की पैदल गश्त



**कौंधियारा।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने पैदल गश्त किया। इस दौरान लोगों से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा विवेक यादव एव कौंधियारा थानाध्यक्ष सी.पी. सिंह ने क्षेत्र के जारी बाजार व अकोढा बाजार में पैरामिलिट्री व पुलिस के जवानों साथ सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने लोगों से कहा कि कोई भी मतदान के लिए किसी प्रकार का दबाव बनाता है तो पुलिस से संपर्क करें।

## 45 वर्षों से अधूरा पडा बौद्ध विहार का झंडा गाड कर शुरूआत

**मऊआइमा।** पंचशील का झंडा गाड़ कर बुद्ध वंदना के साथ बाबा साहब अम्बेडकर और महात्मा बुद्ध की मूर्ति की स्थापना संजय गौतम द्वारा रविवार को धरौता के भाले का वन में शुरूआत की गयी। बताया गया है कि पैतालीस साल पहले स्वर्गीय हीरालाल ने



इसकी बुनियाद रखी गई थी। पंचशील का झंडा गाड़ कर बुद्ध वंदना के साथ मूर्ति स्थापित करने वालों में ग्राम प्रधान सुभाष पासी, राधेश्याम, हकीम उद्दीन, महेंद्र पासी,शिव प्रकाश,ओपी गौतम, संजय गौतम, रमेश पासी,सुनील,रामू, राजेश गौतम,हैदर पासी, राहुल पासी, दीपक उर्फ झारखंड,पवन,पिंटू, धीरेन्द्र,राज कुमार एडवोकेट,राम सिंह, रंग बहादुर आदि मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकताओं की बूथों पर हुई कामकाजी बैठक

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार द्वारा मंडल सहसों के थानापुर के बभनकुईयां गांव में विभिन्न बूथों पर पार्टी कार्यकताओं की आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कामकाजी बैठक की गई। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के लेकर शक्ति



केंद्र प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक सहित आदि पदाधिकारियों ने आगे की रणनीति के बारे में चर्चा करते अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में प्रमुख रूप से शक्ति केंद्र प्रभारी सूर्यमणि पांडे, संयोजक राहुल सिंह, अशोक कुमार, राकेश कुमार विश्वकर्मा, लता विश्वकर्मा, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा, कुलदीप सिंह, रोहित सिंह, धीरेंद्र कुमार एवं धर्मराज सिंह में सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तहसील प्रशासन बारा द्वारा सरकारी नाले से हटाया गया अतिक्रमण

## रियल स्टेट कंपनी द्वारा किया जा रहा था अवैध कब्जा

**लालापुर।** बारा तहसीलअंतर्गत ग्राम पंचायत जनवा अभयपुर में रीयल स्टेट कंपनी द्वारा सरकारी नाला जिसका आराजी नंबर 342 को अवैध रूप से कब्जा कर उसके पास गेट का निर्माण करवाया जा रहा था। जिसको



आज नायब तहसीलदार बारा राकेश यादव द्वारा जेसीबी के द्वारा नाले से अतिक्रमण हटाया गया। रीयल स्टेट कम्पनी के मालिक ज्ञान चंद साहू द्वारा अवैध रूप से नाले को बंद कर गेट का निर्माण करवाया जा रहा था। जिसको नायब तहसीलदार बारा राकेश यादव द्वारा संज्ञान में लेते हुए जेसीबी से कब्जा व अतिक्रमण को हटवाया गया।

## विद्या प्रतिभा स्पर्धा परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए, जनपद स्तरीय विद्या प्रतिभा स्पर्धा परीक्षा अमृत एजुकेशनल एण्ड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनपद प्रयागराज में तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें निजी एवं सरकारी स्कूलों के कक्षा 3 से 10 तक के 1,000 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया , परीक्षा रविवार को तीन पालियों में, गयादीन विश्वकर्मा इण्टर कालेज एवं श्यामा देवी स्कूल में सम्पन्न हुई। सोमवार को परीक्षा उत्तर प्रदेशीय राजकीय बालिका विद्यालय मलाक हरहर प्रयागराज में आयोजित होगी। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में नए दृष्टिकोण, समझ एवं सोचने की क्षमता के साथ, सकारात्मक दिशा में बढ़ावा प्रदान करना है।



# उड़ान बंद होने का मामला पीएमओ पहुंचा, व्यापार मंडल ने पीएम मोदी को ट्वीट कर भेजा पत्र



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज से संचालित तमाम विमानों को बंद कर दिए जाने का मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंच गया है। यहां के व्यापारियों ने पीएम और उनके कार्यालय को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के माध्यम से गुजारिश की है जो विमानन कंपनी इंडिगो और एलाइंस एयर ने जो विमान सेवा बंद की है उसका संचालन फिर से शुरू किया। विमान बंद होने से प्रयागराज के पर्यटन एवं यहां के कारोबार पर असर पड़ रहा है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पत्र भेजा है।प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और केंद्रीय उड्डयन मंत्री को पत्र भेजे जाने के पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की बैठक सिविल लाइंस स्थित होटल यश पदम में आयोजित बैठक में महानगर अध्यक्ष योगेश गोयल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एयरपोर्ट पर निरंतर कम हो रही फ्लाइट की संख्या पर चिंता जताई गई। योगेश ने कहा कि जहां एक तरफ प्रयागराज में कुंभ बीबी की तैयारी के मद्देनजर एयरपोर्ट को बड़ा एवं आधुनिक बनाया जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ उड़ानों की संख्या कम होती जा रही है।

### प्रयागराज से सिर्फ आठ शहरों के लिए है सीधी उड़ान

उन्होंने कहा कि प्रयागराज से 15 शहरों के लिए सीधी उड़ान हो गई थीं, लेकिन अब आज की तारीख में यहां से आठ शहरों के लिए ही सीधी उड़ान है। कहा कि अक्तूबर 2023 में इंडिगो ने रायपुर, इंदौर और गोरखपुर उड़ान को बंद किया तो अब 28 मार्च 24 से पुणे-प्रयागराज उड़ान भी बंद कर दी गई है। इसके पूर्व पिछले वर्ष ही एलाइंस एयर ने कोलकाता और देहरादून उड़ान बंद की थी। इन सब विमानों को पर्याप्त संख्या में यात्री भी मिल रहे थे। इसके अलावा नागपुर, पटना उड़ान भी बंद की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि दिल्ली से प्रयागराज की अभी दो फ्लाइट हैं लेकिन एलाइंस एयर ने अपनी उड़ान की बुकिंग 15 अप्रैल के बाद बंद कर दी है। इस वजह से बची हुई एक उड़ान की टिकट की कीमत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। धर्म एवं आस्था का केंद्र एवं ऐतिहासिक शहर होते हुए भी प्रयागराज से विमान सेवा बंद हो रही है। इससे टूरिज्म और व्यापार पर असर पड़ा है । बैठक में नवीन अग्रवाल, अभिषेक सुल्तानिया, संकेत अग्रवाल, पीयूष पांडे, टीटू गुप्ता, विकास वैश्य, रजनीत राजपूत, अभिषेक केशरवानी आदि मौजूद रहे।

## कार ने मासूम को कुचला, फंसकर 50 मीटर तक घिसटता रहा

**प्रयागराज।** नवाबगंज में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। खेलते-खेलते सड़क पर अचानक आ जाने से कार ने मासूम को कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही मासूम की मौत हो गई। लोगों ने बताया कि वह कार में फंसकर करीब 50 मीटर तक घिसटता रहा। घटना के बाद भीड़ ने हंगामा किया, लेकिन पुलिस ने किसी तरह से लोगों को शांत कराया। इसके साथ ही मामले की छानबीन शुरू कर दी है।आक्रोशित भीड़ हंगामा करने लगी तो सूचना पर पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वाहन चालक घटनास्थल के पास एक गांव में किसी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। बेटे की मौत की खबर सुनकर पिता जौनपुर से घर के लिए रवाना हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

## नैनी सेंट्रल जेल में रहे 382 अंडरट्रायल बंदियों को जिला जेल में शिफ्ट किया गया

अंडरट्रायल बंदियों को जिला जेल में शिफ्ट किया जा रहा है



**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल में बंद अंडरट्रायल बंदियों को जिला जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। रविवार को सेंट्रल जेल में रहे 382 अंडरट्रायल बंदियों को जिला जेल में कड़ी सुरक्षा के बीच शिफ्ट कर दिया गया। सेंट्रल जेल के वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर पटेल के मुताबिक जिला जेल बनने के बाद नैनी सेंट्रल जेल के बंदियों को काफी राहत मिली है। पहले सेंट्रल जेल में क्षमता से अधिक बंदियों के होने से जेल में आने वाले नए बंदियों को काफी परेशानियां होती थी। अब जिला जेल बनने से यहां से बंदियों को जिला जेल में शिफ्ट कर दिया जा रहा है। वहीं जिला के जेल अधीक्षक एसपी सिंह ने बताया कि सेंट्रल जेल से आने वाले अंडरट्रायल बंदियों को कड़ी निगरानी में बैरकों में रखा जा रहा है। जो नियम सेंट्रल जेल में लागू होता था। वही यहां भी लागू होगा।

# राजू पाल हत्याकांड के फरार कातिल इसरार की तलाश शुरू



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** राजू पाल की हत्या में दोषी करार दिए गए इसरार की तलाश प्रयागराज में शुरू हो गई है। कमिश्नरेट पुलिस शनिवार को नीवा से लेकर मरियाडीह तक उसकी तलाश में जुटी रही। कुछ करीबियों से पूछताछ भी की गई है। फिलहाल उसका पता नहीं चल पाया है। इसरार पुत्र हफीजुद्दीन भी नीवा का रहने वाला है और अतीक गैंग का सक्रिय सदस्य है। हत्या, अपहरण, हत्या का प्रयास, बमबाजी के अलावा उस पर दो बार गैंगस्टर भी लग चुका है।इसरार कई मुकदमों में अतीक गैंग के अन्य सदस्यों के साथ नामजद भी है। उस पर 1995 में पहला मुकदमा शराब तस्करी का दर्ज हुआ था। जेल से बाहर आने के बाद वह दबंगई करने लगा। 2002 में उस पर बलवा समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। यही वक्त था जब वह अतीक से जुड़ गया।

**राजू पाल की हत्या में भी शामिल था इसरार :** इसके बाद 2002 में ही उसने बम-गोली चलाकर अपहरण, लूट व हत्या के प्रयास की वारदात को अंजाम दिया तो लोग उससे खौफ खाने लगे। उसकी लगातार आपराधिक वारदातों में संलिप्तता को देखते हुए पुलिस ने उस पर गुंडा एक्ट लगाया। 2005 में राजू पाल हत्याकांड में अतीक-अशरफ व गैंग के अन्य सदस्यों के साथ वह भी शामिल हुआ। इसके बाद अतीक के इशारे पर वह कचहरी परिसर में राजूपाल हत्याकांड के चश्मदीद उमेश पाल को अगवा कर जबरन बयान बदलवाने की घटना में भी शामिल हुआ।शुक्रवार को सजा सुनाए जाने के दौरान वह कोर्ट में मौजूद नहीं था। ऐसे में उसके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया गया। इधर प्रयागराज पुलिस भी उसकी तलाश में जुट गई है। पुलिसकर्मी शनिवार को नीवा से लेकर मरियाडीह तक उसके बारे में जानकारी जुटाने में लगे रहे। फिलहाल देर रात तक उसका कोई पता नहीं चल सका था।

# गांजा तस्कर गिरफ्तार,उड़ीसा से 3 किलो गांजा लेकर आ रहा था, छिवकी रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में इन दिनों गांजा की तस्करी बढ़ती जा रही है। प्रयागराज छिवकी जीआरपी टीम ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलो गांजा बरामद किया है। जीआरपी की टीम ट्रेनों में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए अभियान चला रही है। रेलवे स्टेशन छिवकी पर जांच के दौरान पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर एक के स्वचालित सीढ़ी के पास से तस्कर सुशील कुमार मिश्रा को पकड़ा। उसके पास बैग से तीन किलो गांजा बरामद हुआ। सुशील महेशगंज प्रतापगढ़ के रहने वाले शिवशंकर मिश्रा का बेटा है। सुशील ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि गांजा बाराबंकी से लेकर आया था। बाराबंकी का रहने वाला तस्कर उड़ीसा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश के जिलों में सप्लाई करता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है। सुशील को गांजा जिस तस्कर ने दिया था उसकी तलाश के लिए एक टीम लगाई गई है। पकड़ा गया तस्कर नैनी इलाके में गांजा बेचने वाल था।

**एसओजी ने पकड़ा था एक कुंतल गांजा :** इसी महीने एसओजी टीम ने गांजा सप्लाई करने वाले



तस्करों के दो गैंग को गिरफ्तार किया था। गांजा तस्करी करने वाले दो गैंग की आपस की लड़ाई ने उन्हें जेल तक पहुंचा दिया था। एक गिरोह उड़ीसा से गांजा लेकर यूपी में सप्लाई करने आया था। दूसरे गिरोह ने सबक सिखाने के लिए पहले गिरोह का पीछा किया और प्रयागराज के शंकरगढ़ इलाके में घेर लिया था। गिरोह के दो बदमाशों को बंधक बनाकर उन्हें खेत में फेंक दिया। इसके बाद एक कुंतल गांजा और गाड़ी लूटकर भाग गए थे। शंकरगढ़ पुलिस एसओजी ने संयुक्त ऑपरेशन शुरू किया तो लूट करने वाले चार बदमाश, एक कुंतल 5 किलो ग्राम गांजा, डस्टर, बोलेरो, एक्सयूवी गाड़ियां बरामद हुई थी।



## हाईकोर्ट समाचार

### गंगा प्रदूषण पर हाईकोर्ट सख्त : रोक के बावजूद गंगा के किनारे कैसे हो रहे अवैध निर्माण, सरकार से मांगा जवाब

**प्रयागराज।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने गंगा के किनारे हो रहे अवैध निमार्णों को लेकर नाराजगी जाहिर की है। साथ ही सरकार से छह हफ्ते में हलफनामा दाखिल कर यह बताने को कहा है कि उत्तर प्रदेश में गंगा के किनारे हाईकोर्ट की रोक के बावजूद अवैध निर्माण कैसे हो रहे हैं।यह आदेश इलाहाबाद हाईकोर्ट की ओर से एनजीटी को स्थानांतरित गंगा प्रदूषण से जुड़ीं 18 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरमैन श्रीप्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति सुधीर अग्रवाल व दो अन्य विशेषज्ञ सदस्यों की पीठ ने दिया है।याची अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव और सुनीता शर्मा का कहना है कि प्रयागराज में हर साल बाढ़ का पानी घरों में घुसने और प्रदूषण की सबसे बड़ी वजह अवैध निर्माण है। हालांकि, नदियों के किनारे हो रहे अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट ने रोक लगा रखी है। फिर भी सरकार उच्चतम बाढ़ बिंदु से पांच सौ मीटर तक दूर तक निर्माण नहीं रोक पा रही है। बिजनौर से बलिया तक हर साल पैदा होने वाली इस समस्या की रोकथाम और निगरानी का काम सेंट्रल वाटर कमीशन से कराया जाना चाहिए।

#### अवैध निर्माण रोकने के लिए बनाया जा रहा फ्लड जोन

सरकार की ओर से एनजीटी को बताया गया कि गंगा में प्रदूषण को खत्म करने, नदी के किनारे हो रहे अवैध निर्माण को रोकने के लिए फ्लड प्लेन जोन बनाए गए हैं। ये काम प्रदेश के दो हिस्सों में किए जा रहे हैं। पहला बिजनौर से उन्नाव तक तो दूसरा उन्नाव से बलिया जिले तक। पहले हिस्से में निगरानी, रोकथाम का काम सेंट्रल वॉटर कमिशन को सौंपा गया है, जबकि दूसरे का काम नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी ( एनआईएच ) रुड़की को दिया गया है। कोर्ट ने गंगा प्रदूषण की रोकथाम के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की जानकारी हलफनामे के जरिए देने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले की सुनवाई आज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले की सुनवाई होनी है। दोपहर दो बजे से कोर्ट नंबर 89 में सुनवाई होनी है। अभी मुस्लिम पक्ष की ओर दलीलें दी जा रही हैं। इसके बाद हिंदू पक्ष की ओर अपना पक्ष रखा जाएगा। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन के समक्ष मुस्लिम पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता तसनीम अहमदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बहस की थी। सिविल वादों पर मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता नसईरूज्जमा, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, अधिवक्ता हरे राम त्रिपाठी, प्रदीप शर्मा, महेंद्र प्रताप सिंह, न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष गोयल कोर्ट में मौजूद थे।वाद संख्या चार श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष पांडेय ने दाखिल अर्जी पर पक्ष रखते हुए कहा था कि शाही ईदगाह मस्जिद परिसर में स्थित श्रीकृष्ण कूप में वर्षों से बासोदा पूजा होती आ रही है। एक अप्रैल को मां शीतला सप्तमी व दो अप्रैल को मां शीतला अष्टमी की पूजा-अर्चना की जानी है। मुस्लिम पक्ष की ओर से उन्हें पूजा करने से रोका जा रहा है। उन्होंने पेन ड्राइव पेश की।मस्जिद पक्ष की तरफ से कहा गया था कि उन्हें पेन ड्राइव की प्रति नहीं दी गई है। इसकी वजह से वह अर्जी का जवाब दाखिल करने में असमर्थ हैं। जिस पर कोर्ट ने वादी को पेन ड्राइव की प्रति मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता नसईरूज्जमा को देने व उन्हें अपना जवाब अगली सुनवाई की तिथि एक अप्रैल तक दाखिल करने का समय दिया था।

# क्षत्रिय कल्याण समिति का होली मिलन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न




अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी रविवार को चंद्रलोक गेस्ट हाउस में भव्य एवं दिव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व आईजी सी पी सिंह ने किया तथा मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं शिक्षाविद डॉक्टर नरेंद्र सिंह गौर थे। उन्होंने होली मिलन का मतलब हृदय मिलन बताया जिसमें आपसी भाईचारा होना चाहिए। समिति के अध्यक्ष डीके सिंह ने समिति के विस्तार एवं लोगों से एक जुट होकर कार्य करने को कहा कार्यक्रम का कुशल संचालन रवि करण सिंह तोमर ने किया। इस अवसर पर माया शंकर सिंह ,पुनीत सिंह, तेज प्रताप सिंह, रवि सिंह, राजेश सिंह, रामेश्वर सिंह, डॉक्टर संजय सिंह, गजेंद्र प्रताप सिंह, चंद्रभूषण सिंह इत्यादि मौजूद रहे। इस अवसर पर दिवाकर सिंह ने महिलाओं की भागीदारी की बात कही। पूर्व अध्यक्ष गुरु प्रकाश राव ने लोगों से गले मिलकर गिला शिकवा दूर कर रामराज स्थापित करने की बात कही।

# मोमबत्ती की रौशनी में निकलेगा मस्जिद काजी साहब से ताबूत का जुलूस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया व मोमनीन इलाहाबाद की ओर से माहे रमजान की इक्कीसवीं सोमवार को भोर में शहादत हजरत अली पर मस्जिद काजी साहब व आस पास की सभी लाईटों को बुझा कर मोमबत्ती की रौशनी में हजरत अली इब्ने अबुतालिब का ताबूत निकाला जायगा। अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार भोर में तकरीबन 4.45 पर मौलाना जवादुल हैदर रिजवी नमाज ए फजिर बाजमात अदा कराएंगे तत्पश्चात मस्जिद की लाईट बन्द कर मजलिस शुरू होगी जिसे मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी साहब कि ब्ला खिताब करेंगे।बाद मजलिस शबीहे ताबूत मौला ए कायनात हजरत अमीरुल मोमेनीन को नौजवान कांधा देकर मस्जिद में गश्त कराने के उपरांत मस्जिद के बाहर गलियों में भ्रमण करते हुए या अली मौला हैदर मौला की फलक शिगाफ सदाओं को बुलन्द करते हुए अहाता खुरशेद हुसैन मरहूम तक लेकर जाएंगे।वहीं दूसरी ओर शहर का दूसरा सबसे बड़ा कदीमी जुलूस प्रातः ६:१५ पर रानीमंडी स्थित इमामबारगाह नवाब आजम हुसैन से निकलेगा जो रानीमंडी,बच्चा जी धर्मशाला , चड्ढा रोड ,कोतवाली ,नखास कोहना ,खुलदाबाद ,हिम्मतगंज होते हुए चकिया स्थित शिया बड़ी करबला तक जाएगा।जुलूस से पहले काज़िम अब्बास सोजख्वानी करेंगे और मौलाना जीशान हैदर मजलिस को खिताब करेंगे। अन्जुमन अब्बासिया अलम ताबूत के साथ नौहाख्वानी करते हुए जुलूस के साथ रहेगी।वहीं रानीमंडी इमामबाड़ा आबिदया से ताबूत अलम व जुलजनाह का कदीमी जुलूस मिर्जा काज़िम अली ,हसन नकवी ,इशत आब्दी की कयादत में अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए चकिया करबला जाएगा। दरियाबाद के पठनवल्ली स्थित इमामबाड़ा हुसैन अली खां से दिन में एक बजे शहादत हजरत अली पर जुलूस निकाला जाएगा। मौलाना अशरफ अब्बास खान मजलिस पढ़ेंगे व अन्जुमन हाशिमया दरियाबाद नौहा और मातम का नजराना पेश करते हुए जुलूस में शरीक रहेगी।जुलूस दरियाबाद कब्रिस्तान में पहुंच कर सम्पन्न होगा। इमामबाड़ा मोजिजनुमा से शहादत हजरत अली पर जुलूस रात 8.30 पर निकाला जाएगा जिसको नजीब इलाहाबादी के संचालन में रजा हसनैन खिताब करेंगे अन्जुमन मोहाफिजे अजा कदीम नौहा पढ़ेगी।

## शबे शहादते मौला अली पर रानीमंडी दरिया बाद व करैली में निकाला गया जुलूस

**प्रयागराज।** माहे रमजान की बीसवीं को भोर में मस्जिद काजी साहब बख्शी बाजार से मजलिस का आगाज हुआ।जवादुल हैदर रिजवी की कयादत में फजिर की नमाज बाजमात के बाद डॉ रिजवान हैदर रिजवी ने मजलिस को खिताब किया।बाद मजलिस मस्जिद में नमाजीयों ने या अली मौला हैदर मौला की सदाएं बुलन्द करते हुए मातम किया।वहीं दरियाबाद में इमामबाड़ा अरब अली खां में भी शबे शहादत पर मजलिस हुई। अन्जुमन हाशिमया ने नौहा पढ़ा।मस्जिद गदा हुसैन दरियाबाद में मजलिस को मौलाना जाबिर अब्बास ने खेताब किया।करैलाबाग में मुसल्ला ए जीशान में लाईटों को बन्द कर मजलिस आयोजित की गई । रेयाज मिर्जा व शुजा मिर्जा ने गमगीन मर्सिया पढ़ा तो मौलाना आमिरुर रिजवी ने शहादत ए हजरत अली अलैहिस्सलाम के मसाएब पढ़ें। अन्जुमन आबिदया ने नौहा और मातम का नजराना पेश किया। रानीमंडी चकय्यानीम स्थित नवाब नन्हे की कोठी से असगर अब्बास की देख रेख में देर रात निकाले गए जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमन्दों ने शिरकत की।जैगम अब्बास ने मर्सिया तो मौलाना सैय्यद रजी हैदर रिजवी साहब कि ब्ला ने मजलिस को खिताब किया।अन्जुमन के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी , अन्जुमन नकविया दरियाबाद ,अन्जुमन शब्बीरिया रानीमंडी ,अन्जुमन मजलूमिया रानीमंडी व अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया बख्शी बाजार ने जुलूस में शामिल हो कर नौहा और मातम की सदाएं बुलन्द करते हुए ताबूत अलम व जुलजनाह की शबीह के साथ बच्चा जी धर्मशाला स्थित छम्मन खां के इमामबारगाह पर पहुंच कर जुलूस को सम्पन्न कराया। जुलूस में रौनक सफीपुरी ,कि बला नकवी ,शानू नकवी , डॉ अबरार ,फैज जाफरी ,हुसैन मेंहदी ,नेयाजुल हसन ,हाशिम बांदवी ,हैदर ,आबिद ,शीराज ,राहिब ,अब्बास ,नाज़िर ,राजन अब्बास ,अरशद ,मोहम्मद फैज ,इमरान आदि ने अपने अपने दस्तों व अन्जुमनो के साथ जुलूस में शिरकत की।

# मालिकाना अधिकार को लेकर धरना प्रदर्शन जारी उप श्रम आयुक्त को ज्ञापन देने का निर्णय

**नैनी।** नैनी श्रमिक कॉलोनीयों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने की मांग को लेकर श्रमिक बस्ती के निवासियों ने आज मानस पार्क में धरना दिया। नारेबाजी की और धरना प्रदर्शन के माध्यम से विरोध व्यक्त किया गया। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि पिछले 8 महीने से श्रमिक बस्ती के निवासियों का आंदोलन चल रहा है। लेकिन सरकार के द्वारा इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं किए जाने के कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मिश्र ने कहा कि मालिकाना अधिकार नहीं दिया गया तो आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका बीजेपी को खामियाजा भुगतना पड़ेगा। केंद्र सरकार के




आदेशानुसार अन्य राज्यों की तरह नैनी प्रयागराज समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में स्थित श्रमिक कॉलोनीयों के आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के संबंध में वक्ताओं ने कहा कि 1995 में इन कॉलोनीयों के मकानो की जो बिक्री प्रक्रिया शुरू की गई थी। उसे फिर से शुरू किया जाए। श्री मिश्र ने कहा कि यदि शीघ्र ही मालिकाना अधिकार नहीं मिला तो उप श्रम आयुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन के माध्यम से विरोध व्यक्त किया जाएगा। समिति के महासचिव विनय मिश्र ने कहा कि श्रमिक बस्ती के आवासों का पुराने दर से किराया लिया जाए। इस संदर्भ में उप श्रम आयुक्त को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की जाएगी। कार्यक्रम में श्रमिक कॉलोनी निवासी, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्ञानेश्वर शुक्ला की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद ने की। मो. शाहिद, शंकर लाल त्रिपाठी, नंदकिशोर मिश्र, भूपेंद्र राय, अजमत हुसैन, राघवेंद्र सिंह गवर्नर, जगबरन सिंह, उमानंद मिश्र, सभा जीत यादव, सतेंद्र यादव, रमाकांत तिवारी, राजा मिश्र, अनीत श्रीवास्तव,लक्ष्मी नारायण गोपाल जी, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पार्टी के प्रचार के लिए प्रयागराज आएंगी ममता बनर्जी

**प्रयागराज।** भदोही लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से टीएमसी प्रत्याशी ललितेश पति त्रिपाठी के प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी मई में प्रयागराज आ सकती हैं। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ हंडिया या प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा को संबोधित कर सकती हैं।सपा ने भदोही लोकसभा सीट टीएमसी के ललितेश पति त्रिपाठी को दे दी है। ललितेश पूर्व सीएम कमलापति त्रिपाठी के परपोते हैं। भदोही लोकसभा सीट में प्रयागराज की हंडिया, प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। टिकट मिलने के बाद पहली बार प्रयागराज पहुंचे ललितेश का शनिवार को सपा के जिला कार्यालय में स्वागत किया गया।पूछा गया कि उनके चुनाव प्रचार के लिए ममता बनर्जी प्रयागराज आएंगी तो उन्होंने कहा कि यूपी की तरह बंगाल में भी लोकसभा चुनाव सात चरणों में है। कहा कि उन्हें बुलाया गया है। प्रयास किया जाएगा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उनकी एक बड़ी चुनावी जनसभा हो। उन्होंने कहा कि केंद्र में बैठी एनडीए सरकार के कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी बढ़ी है। सरकारी तंत्र का बेजा इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं को डराया, धमकाया जा रहा है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल पाल ने केंद्र व प्रदेश की एनडीए सरकार को सभी मुद्दों पर फेल बताया। जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव ने बताया कि सपा की बूथ स्तर तक तैयारी पूरी हो चुकी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अनिल यादव, संदीप पटेल, श्यामलाल पाल, दान बहादुर मधुर, डॉ राजेश यादव, डॉ आकाश यादव, राम अवध पाल, जगदीश यादव, नवीन यादव रहे।

# बिजली खंभे से टकराई ऑटो सब्जी व्यापारी की मौत दो घायल

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। प्रयागराज के मुंडेरा मंडी से सब्जी लोडकर भरवारी आ रहा ऑटो अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गया,हादसे में ऑटो में बैठकर आ रहे एक सब्जी व्यापारी की मौत हो गई,जबकि चालक सहित दो लोग घायल हो गए।पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया और जांच में जुट गई। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के गुरुद्वारा के पास की घटना है जहा प्रयागराज के मुंडेरा मंडी से कटहल और सब्जियां लोडकर भरवारी आ रहा ऑटो अनियंत्रित होकर खान से टकरा गया,हादसे में भरवारी निवासी दशरथ सोनकर की मौत हो गई,जबकि एक अन्य लाल जी सोनकर और आटो चालक घायल हो गए।हादसे के मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा,वही मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव का भव्य आगाज आज से

**शंकरगढ़।** भारतीय संस्कृति एवं एकता को समर्पित श्री मनकामेश्वर धाम लालापुर महोत्सव का भव्य आगाज शंकरगढ़ में 1 अप्रैल दिन सोमवार से होने जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी संयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने देते हुए बताया कि 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक सप्तदिवसीय चलने वाले श्री मनकामेश्वर धाम महोत्सव का आयोजन शंकरगढ़ के भगवान रामेश्वरम वाटिका में होने जा रहा है। महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक बाल योगी पूज्य संजय जी महाराज मिर्जापुर एवं जगतगुरु शंकराचार्य पूज्य ओंकारानंद सरस्वती जी महाराज प्रवचन देंगे। प्रत्येक दिन राम कथा एवं शिव कथा दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक होगी। वहीं रात्रिकालीन भक्ति संगीत संध्या में प्रतिदिन अनेक कार्यक्रम होंगे।महोत्सव की शुरूआत 1 अप्रैल को प्रातः 7 बजे कलश यात्रा एवं नगर भ्रमण के साथ होगी। आयोजक सूर्यनिधान पांडेय ने समस्त जनमानस से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# तेरह बंधुआ मजदूरों को ईंट भट्ठे से प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस ने कराया मुक्तभट्ठा

### मालिकों में मचा हड़कंप, शिकायत पर हुई कार्रवाई, भट्ठा मालिक व मुंशी पर छेड़खानी व मार-पीट का था आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** शिकायत पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस ने ईंट भट्ठा से तेरह बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया है। आरोप है कि भट्ठा मालिक व मुंशी तथा चैकीदार मिलकर महिला मजदूरों व नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करते थे। विरोध करने पर उनकी पिटाई की जाती थी। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की कार्रवाई से इलाके के ईंट भट्ठा मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के बेलसंडी गांव में स्थित ईंट भट्ठा है, जिसका संचालन एक युवक करता है। आरोप है कि वह मजदूरों को मजदूरी नहीं देता था और महिलाओं तथा नाबालिक किशोरी के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकतें करते हुए उनकी पिटाई करता था। मजदूरों ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। परिजन डेरहा पुत्र सुखुदास निवासी बिनौरी



ईंट भट्ठा से मुक्त बंधवा मजदूर।

तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने इसकी शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से की। जिसका संज्ञान लेते हुए आयोग ने प्रतापगढ़ जिले के आला आधिकारियों से कारवाई की बात कही, जिस पर शुक्रवार को प्रशासनिक अधिकारी व पट्टी पुलिस ईंट भट्ठे पर पहुंचकर तेरह बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया। इस दौरान इलाके के भट्ठा मालिकों में हड़कंप मचा रहा। इस संबंध में परिवर्तन श्रम अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है।

## एक माह का बच्चा भी था बंधुआ मजदूरों के साथ

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ईंट भट्ठे पर बथुआ मजदूरों की सूची में एक माह का बच्चा भी शामिल था जिसे पुलिस को प्रशासनिक अधिकारियों ने मुक्त कर दिया तो परिजनों ने राहत की सांस ली। बंधुआ मजदूरों की सूची में चंद्रभान (24), चंद्र प्रकाश (32), कली बाई (45), नेहा (16), निकिता (17), कविता (22), आर्यन (12), ईश्वर (33), धुरीबाई (31), करीना (14), कृष्णा (13), राधिका (9) व अवि एक माह का बंधुआ मजदूरों थे जिन्हें मुक्त कराकर प्रशासन ने राहत की सांस ली।

# बुक्का बुआ की सभी कहानियां समाज को आईना दिखाती हैंः डॉ0 रत्न

### प्रेम कुमार त्रिपाठी के कहानी संग्रह बुक्का बुआ का हुआ भव्य लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था के आयोजकत्व में जनपद के वरिष्ठ कहानीकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम के 5वीं कहानी संग्रह बुक्का बुआ का लोकार्पण सृजना कुटीर अजीत नगर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी द्वारा विरचित कहानी संग्रह बुक्का बुआ की सभी कहानियां समाज को आईना दिखाती हैं। कथा साहित्य के इतिहास में प्रेम की कहानियाँ स्वर्णाक्षरों में दर्ज रहेंगी। विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् अनिल प्रताप त्रिपाठी ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी ने कहानी के क्षेत्र में बेल्हा का नाम पूरे देश में फैलाया है। अति विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमर वैश्य ने कहा कि प्रेम कुमार त्रिपाठी द्वारा लिखित प्रत्येक कहानी समाज की नब्ज़ टटोल कर लिखी है।बुक्का




कहानी संग्रह का लोकार्पण करते अतिथिगण।

बुआ मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर कथा विषयक संगोष्ठी में प्रयागराज से पधारे रामलखन प्रजापति ने कहा कि कहानियों के माध्यम से समाज को विस्तार से ज्ञान परोसा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार निलय द्वारा किया गया। इस अवसर पर अम्मा साहब ट्रस्टी के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, कुंजबिहारी काकाश्री, राधेश्याम दीवाना, अखिल नारायण सिंह, माया त्रिपाठी आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लोकसभा चुनाव में शत् प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया गया।

## सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को समारोह पूर्वक दी गयी विदाई, हुआ सम्मान

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकास खण्ड के कम्पोजिट विद्यालय जसमेढ़ा में प्रधानाध्यापक पद पर तैनात रहे दिनेशचन्द्र मिश्र एवं विद्यालय परिवार के भारतभूषण शुक्ल को सेवानिवृत्त पर शिक्षकों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक दिनेशचन्द्र मिश्र के बेसिक शिक्षा विभाग को दिये गये उत्कृष्ठ योगदान को भी वक्ताओं ने सराहा। बतौर मुख्यअतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने कहा कि शिक्षक सदैव समाज का पथ प्रदर्शक होने का दायित्व निर्वहन किया करता है। उन्होंने कहा कि आदर्श शिक्षक के रूप में दिनेशचन्द्र मिश्र का योगदान विभाग के लिए गौरव की अनुभूति कराता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजेशचन्द्र पाण्डेय, व संयोजन वरिष्ठ शिक्षिका रेनू सिंह ने किया। समारोह में सेवानिवृत्ति पर रिटायर्ड प्रधानाध्यापक दिनेशचन्द्र मिश्र व भारतभूषण शुक्ल को स्मृति चिन्ह तथा सॉल एवं माल्यार्पण से सम्मानित किया गया। इस मौके पर कामेश्वरमणि, चिन्तामणि, आशीष द्विवेदी, उमेश शुक्ला, सुरेन्द्र शुक्ला, धर्मेन्द्र मिश्रा आदि रहे।

## पुलिस पर हमले का आरोपी धराया

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत हत्या के प्रयास व बलवा तथा तोड़फोड़ एवं सरकारी कामकाज में बाधा के एक और आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा कबीरदास रविवार को फोर्स के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच पुरवारा तिराहे पर पुरवारा निवासी चन्द्रभाल सरोज का पुत्र राजेश पुलिस के हत्थे चढ़ गया। राजेश पर कटरा तिराहे पर एक महिला की मौत के बाद चक्काजाम के दौरान पुलिस फोर्स पर जानलेवा हमले का केस दर्ज हुआ था। हमले में लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर समेत पुलिस कर्मियों को चोटे आयी थी।

## तीन आरोपियों के खिलाफ रंगदारी व धमकी का केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने व्यवसायी से रंगदारी वसूल करने तथा धमकी को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी रामकुमार जायसवाल के पुत्र रमेश कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती तीस मार्च को शाम सात बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। तभी कलापुर निवासी कामता सिंह के पुत्र अवधेश सिंह व रामबक्स सिंह के पुत्र राहुल सिंह तथा जीतेन्द्र सिंह उर्फ दउवा कट्टा लहराते उसकी दुकान पर आ धमके। आरोपियों ने पीड़ित से पांच हजार रूपये रंगदारी मांगी। मना करने पर आरोपी दुकान में तोड़फोड़ करने लगे। पीड़ित ने भयवश आरोपियों को पांच हजार रूपये दे दिया। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को धमकी दी कि दुकान करनी है तो हर माह पांच हजार रूपये रंगदारी देना होगा। आरोपियों ने शिकायत करने पर जानलेवा धमकी भी दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## सड़क के मानक विहीन कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध, बंद कराया काम

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के सरसतपुर गांव से नेवादा गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। सड़क को मानक के अनुरूप नहीं बनाया जा रहा है जिससे ग्रामीणों ने विरोध करने के साथ ही निर्माण कार्य बंद करवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माणाधीन सड़क में मानक के अनुरूप डामर नहीं उपयोग किया जा रहा है जिससे बन रही नई सड़क की गिट्टियां उखड़ रही है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क को मानक के अनुरूप जब तक नहीं बनाया जाएगा तब तक वह निर्माणकार्य नहीं होने देंगे। मामले में पीडब्ल्यूडी विभाग के जेई से बात करने का प्रयास किया गया तो मोबाइल बंद बताया।

# वार्षिकोत्सव में दिखी राष्ट्रीयता तथा भक्तिरस की अनुपम छटा, सम्मानित हुए मेधावी

### नेशनल पब्लिक स्कूल में रंगारंग कार्यक्रमों में शिक्षक विधायक ने राष्ट्र निर्माण पर दिया जोर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर के सगरा सिटी रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए मंच पर देश प्रेम व भक्ति तथा विविध संस्कृतियों की छटा बिखेरी। वहीं अतिथियों के हाथों प्रतिभा सम्मान पाकर भी कार्यक्रम में मौजूद सर्वश्रेष्ठ मेधावियों के चेहरे खिल उठे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी तथा संस्थापक वरिष्ठ




वार्षिकोत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

अधिवक्ता पं0 राममिलन शुक्ल एवं निदेशिका शर्मिला शुक्ला ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। छात्रा सृष्टि शुक्ला, प्रगति मिश्रा, अंकिता तिवारी, खुशी, अंशिका, कल्पना सरोज, अर्चिता तिवारी, काव्या, रिद्धि, सिद्धि तथा छात्र अनमोल मोदनवाल के द्वारा भावपूर्ण प्रस्तुतियों में पुलवामा अटैक का मंचन राष्ट्रभक्ति का लोगों में जोश भर गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नाटक का मंचन कर शक्ति आराधना का शंखनाद किया। विद्यालय के प्रबंधक राममिलन शुक्ल एडवोकेट ने कहा कि भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाये रखने के लिए शिक्षा को बच्चों के लिए बहुउद्देशीय बनाया जाना चाहिए। विद्यालय की निदेशिका शर्मिला शुक्ला ने स्वागत भाषण में शैक्षिक प्रगति आख्या से अभिभावकों को अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ0 लालजी त्रिपाठी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी व समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, बार के पूर्व अध्यक्ष रामचन्द्र सिंह, वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष राधेकृष्ण त्रिपाठी, राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने बच्चों के प्रस्तुत कार्यक्रमों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम का संचालन छात्र ग्रेसी श्रीवास्तव, कंगना सिंह व आयूषी ओझा तथा हर्षित तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

# शौचालय की नहीं बनी बाउंड्रीवाल, निकल गया पैसा

### तत्कालीन ग्राम प्रधान के ऊपर लगा गमन का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** एक तरफ केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांवो मे सामुदायिक शौचालय के निर्माण मे पानी की तरह पैसा खर्च कर रही है तो वही दूसरी तरफ ग्राम पंचायत के जिम्मेदार ग्राम प्रधान सरकार की इस योजना मे मिले पैसा को खाता से निकाल कर हजम कर ले रहे है।

मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत रामपुर गडौली का है संज्ञान मे आया है कि तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा सामुदायिक शौचालय का निर्माण तो करा दिया लेकिन उसकी बाउंड्रीवाल नहीं कराया और खाता से पैसा निकाल लिया। गांव के विक्रम शुक्ला ने खण्ड विकास अधिकारी कालाकांकर प्रवीन कुमार श्रीवास्तव व डी एम सीडीओ को लिखित शिकायत पत्र देकर जाँच कराने की कार्वाई करते हुए आरोपित ग्राम प्रधान के खिलाफ सरकारी धन का गमन करने पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। मामले की जानकारी डीएम व सीडीओ प्रतापगढ़ को अवगत कराया है अब देखना है स्थानीय अधिकारी तत्कालीन ग्राम प्रधान के खिलाफ कोई कारवाई करते है या फिर मामले को ठन्डे बस्ते में डालकर कुंडली मारकर बैठ जाते हैं।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं छात्रों को किया गया सम्मानित

### मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** वार्षिकोत्सव, सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान एवं छात्र फेयरवेल समारोह का आयोजन मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा गुलाब सिंह में शनिवार 30 मार्च को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी लालगंज तथा विशिष्ट अतिथि प्रभाकर यादव खंड शिक्षा अधिकारी मान्धाता रहे।

विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना के पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत गीतों के माध्यम से किया। विकासखंड मान्धाता के सेवानिवृत्त शिक्षकों में राजाराम मिश्र, पुष्पा




कार्यक्रम में मौजूद सेवानिवृत्त शिक्षकगण।

श्रीवास्तव, संतोष कुमारी तथा यूपीएस कटरा गुलाब सिंह की श्रीमती आशा मिश्रा को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने मेधावी बच्चों को भी सम्मानित किया। विद्यालय में कुल 342 बच्चे नामांकित हैं जिसमें 131 कक्षा 8 के बच्चों को उपहार के साथ सम्मानित गया।सभी शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में बच्चों को आशीर्वाद दिया। राजाराम मिश्र के भावुकगीत से बच्चों एवं शिक्षकों के आंखों में आंसू भर आए। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य में कहा कि शिक्षक सरकारी कार्य से सेवानिवृत हुए हैं अध्यापन कार्य से नहीं। सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। देर शाम तक बच्चे गुरुजनों से लिपटकर खूब फूट-फूट कर रोते रहे। बोले घर से ज्यादा अच्छा लगता है विद्यालय। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चंद्र पांडेय अखिल ने किया। कार्यक्रम के आयोजक राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक मो0 फरहीम ने अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मंत्री जियालाल, अध्यक्ष अखिलेश प्रताप सिंह, एआरपी मोहम्मद रिजवान, एआरपी अखिलेश सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक कौशलेंद्र प्रताप सिंह, रमाशंकर, संजय पांडेय, सुभाष पांडेय, राजेश गुप्ता, सुभाष, कुलदीप पुष्पकर अनुराग, संदीप, चंद्रशेखर पटेल, राजेंद्र वर्मा, राजमणि विश्वकर्मा, मंदीप, बालेन्दु प्रताप सिंह, नसीम, अजमत उल्ला अंसारी, पितामह यादव, शिखा, नीतू वर्मा, रोशन तथा अन्य गणमान्य विशिष्ट जन आदि उपस्थित रहे।

## गीता यादव ने संभाला प्रभारी प्रधानाचार्य का कार्यभार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य के पद पर गीता यादव ने कार्य भार ग्रहण किया। यह पद गरिमा श्रीवास्तव प्रभारी प्रधानाचार्य के पद के 31 मार्च 2024 को रिक्त होने पर इन्हें प्राप्त हुआ। गरिमा श्रीवास्तव लगभग 9 वर्षों



गीता यादव को सम्मानित करते शिक्षकगण।

तक राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की प्रधानाचार्य रही। विद्यालय के नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीश ने बताया कि इससे पहले गीता यादव 26 अक्टूबर 2016 से सबोर्डिनेट गजेटेड के पद पर कार्यरत है और विभिन्न विद्यालयों संस्थाओं में अपनी सेवाएं प्रदान की। उनके प्रधानाचार्य पद ग्रहण करने पर पर समस्त विद्यालय परिवार ने प्रसन्नता व्यक्त की और उन्हें बधाइयां दी और उनका स्वागत किया। आज ही विद्यालय की वरिष्ठ हिंदी शिक्षक डॉक्टर राममिलन यादव भी सेवानिवृत हुए।

## मन रखें निर्मल, होगी प्रभु की अनुभूतिः वियोगी महाराज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** यह हृदय ही प्रभु का सबसे बड़ा मंदिर होता है। इसको पवित्र, निर्मल और छल कपट से रहित रखने पर प्रभु की अनुभूति प्राणी को होती है। इसलिए ध्रुव की तरह प्रभु पर विश्वास करिए, और उनका भजन करें तो निश्चित रूप से आपका कल्याण होगा। यह बात गोकुल लान में चल रही भागवत कथा में कथा व्यास पं. अवध नारायण शुक्ल वियोगी जी महराज ने कही। उन्होंने ध्रुव की कथा का वर्णन करते हुए भगवान नारायण की कृपा का विस्तार से संदर्भ सुनाया। जड़ भरत की कथा भी उन्होंने भक्तों को सुनाई। कहा कि जिसकी रक्षा भगवान करते हैं, उसका कोई बाल बांका नहीं कर पाता, बस हमारा विश्वास भगवान पर होना चाहिए। कथा के बाद भागवत भगवान की आरती सभी भक्तों ने मिलकर की, जिससे पूरा कथा पंडाल भक्तिमय हो गया। कथा सुनने को भारी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। महिलाओं की भी भीड़ हो रही है।

# ट्रैक्टर की दुर्घटना में बाइक सवार छात्र की मौत, एक रेफर

### छात्र की मौत से परिजनों में कोहराम, विद्यालय में भी गम का माहौल

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार छात्र की मौत हो गयी। वहीं एक छात्र गम्भीर रूप से चोटहिल अवस्था में जिला अस्पताल रेफर हुआ है। लालगंज कोतवाली के लालगंज-बाबूगंज हाइवे पर रविवार को एक बजे लालगंज की ओर से ट्रैक्टर बाबूगंज की तरफ जा रहा था। दूसरी तरफ से महेशगंज थाना के राजापुर बिंधन निवासी लवलेश त्रिपाठी का पुत्र आदर्श त्रिपाठी (16) तथा महेशगंज थाना के परियावां निवासी ओम शुक्ला पुत्र सुनील शुक्ला एक ही बाइक से लालगंज स्थित आइंस्टीन पब्लिक स्कूल परीक्षाफल लेने आ रहे थे।

राईस मिल तिराहे के पास ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार छात्र दुर्घटना में घायल हो गये। आनन फानन में राहगीरों ने इन्हें लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचवाया। चिकित्सकों ने छात्र आदर्श को मृत घोषित कर दिया। वहीं चिकित्सकों ने दूसरे छात्र ओम को गम्भीर स्थिति में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ट्रामा सेंटर पहुंची। आदर्श की मौत की जानकारी परिजनों को हुई तो वह दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे। मृतक आदर्श व घायल ओम दोनों ही कक्षा नौ में पढ़ाई किया करते हैं। दोपहर बाद पुलिस ने मृतक छात्र के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। इधर पुलिस ने दुर्घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया है। जबकि ट्रैक्टर चालक दुर्घटना के बाद फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी का कहना है तहरीर मिलने पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इधर आइंस्टीन पब्लिक स्कूल में विद्यालय के छात्र की मौत की जानकारी हुई तो परीक्षा परिणाम में उत्सव का माहौल गम में बदल गया। विद्यालय के शिक्षक विनय मिश्र, रामसुन्दर तिवारी, शैलेन्द्र व आशीष भी ट्रामा सेंटर पहुंचे।

# रेलवे स्टेशन पर छिड़ी कुर्सी की जंग, अफसर ले रहे मजे

### एक एसएस से कहा चार्ज लेना, दूसरे से देने के लिए न कहना बना विवाद की वजह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मां बेल्हा देवी धाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक की कुर्सी अफसरों की लापरवाही के कारण एक बार फिर विवाद की वजह बनी हैं। स्टेशन पर इसको लेकर हो रही चर्चाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि एक एसएस को उन्होंने यहां की कुर्सी पर काबिज होने का मौखिक आदेश दिया। वह कुर्सी संभालने आया तो लेकिन उसे चार्ज नहीं दिया जा रहा है। क्योंकि अफसरों ने मौजूदा एसएस को चार्ज देने का कोई आदेश नहीं दिया है। जिसके कारण मामला पेचीदा होता जा रहा है। दोनो मंडलीय कार्यालय का चक्कर भी लगा आए लेकिन मामला ढाक के तीन पात ही निकला। इस तरह के आदेश और निर्देश अफसरों की जग हंसाई तो करवा ही रहें हैं। उनकी वजह से स्टेशन पर कर्मचारियों में आपस में वैमनस्यता और तल्खी भी बढ़ रही है। चोर से कहा चोरी करने को जिसके यहां करनी थी उससे कहा जागते रहना। कुछ ऐसा ही इस समय प्रतापगढ़ स्टेशन पर चल रहा है। बताया जाता है कि प्रतापगढ़ सेक्शन में रोड साइड के एक एसएस को लखनऊ के अफसरों ने फरमान सुनाया कि वह जाकर मां बेल्हा देवी धाम स्टेशन के एसएस का चार्ज ले। जब वह चार्ज लेने स्टेशन आया तो यहां के एसएस के पास अफसरों की ओर से चार्ज देने का कोई आदेश नहीं था। लिहाजा उन्होंने देने से मना कर दिया। उनका निर्णय सही भी था। क्योंकि मामला चार्ज का है। जिसमें किसी लिखित आदेश की जरूरत पड़ती है। हालांकि आने वाले एसएस के बारे में बताया जा रहा है कि वह अगले से सीनियर है और यहां आने के लिए प्रायटी भी लगा रखी है। फिलहाल कुर्सी की यह जंग नई नहीं है। दो साल पहले भी अफसरों की अनदेखी ने इसी कुर्सी के लिए बावेला मचवा दिया था।

## किसी के साथ ईमानदार नहीं है अफसर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुर्सी पर किसको बैठना है इसको लेकर अफसर भी दोनों में से किसी के साथ भी ईमानदार नहीं हो पा रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि अगर यही करना था तो इस तरह के आदेश नहीं देने चाहिए था। अगर दिया भी है तो ईमानदारी से उस कर्मचारी के पक्ष में खड़े रहिए। जो सही है।

# व्यापारी का उत्पीड़न नहीं बर्दाश्त होगा : रमेश अग्रहरि

## होली के पर्व पर व्यापारी नेता को रंजिशन अपमानित करने का थानेदार पर आरोप

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** मुख्यालय मंझनपुर में जनपद के व्यापारी को लेकर प्रदेश के वरिष्ठ महामंत्री रमेश अग्रहरि ने पुलिस अधीक्षक कौशांबी से मिलकर एक ज्ञापन दिया 26 मार्च को व्यापार मंडल पश्चिम शरीरा के अध्यक्ष विपिन केसरवानी को थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा धीरेंद्र सिंह ने अपने व्यक्तिगत रंजिश के कारण होली के त्यौहार पर फर्जी प्रार्थना पत्र पर शांति भंग करने के आरोप में चालान कर अपमानित करने का काम किया जिसको लेकर जनपद कौशांबी के व्यापार मंडल के पदाधिकारी व व्यापारियों में भारी आक्रोश है पुलिध अधीक्षक से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई है जिस पर पुलिस अधीक्षक कौशांबी ने अपर पुलिस अधीक्षक को जांच करने का आदेश निर्गत किया व्यापारियों ने थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा को निलंबित करने की मांग की और कहा कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो हम पूरे जनपद को बंद कर जिला मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे वहीं पर पुलिस अधीक्षक जनपद के क्राइम मीटिंग ले रहे थे सभी क्षेत्राधिकारी जनपद के सभी थाना अध्यक्ष मौजूद थे उनके समक्ष विपिन केसरवानी ने अपने साथ हुई घटना को विस्तृत रूप से बताया जिस पर थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा कोई जवाब नहीं दे पाए जिला उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार मंडल पश्चिम शरीरा अध्यक्ष विपिन केशरवानी ने थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा की व्यापारियों के साथ अभद्रता और अराजकता की शिकायत किया था जिसको लेकर थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा विपिन केसरवानी से नाराज थे जिस कारण होली के दिन एक फर्जी प्रार्थना पत्र पर जबरन विपिन केसरवानी का नाम लिखा करके उनको थाने में बैठाकर अपमानित करने का काम किया जब की होली के त्यौहार पर सड़क पर बाजार के बच्चे होली खेल रहे थे तभी व्यापार मंडल अध्यक्ष ने बच्चो से शांति प्रिय ढंग से होली खेलने की अपील कर अपने आवास जा रहे थे जैसे ही थाना गेट के पास पहुंचे थे पुलिस ने अपनी गाड़ी में बैठा लिया बिपिन जब तक कुछ समझ पाते तब तक एक अपराधी की तरह लाकअप में डाल दिया सरेआम सम्मानित व्यक्ति के साथ गुंडागर्दी होती रही इसको हम किसी भी हालत में अब बर्दाश्त नहीं करेंगे और थानाध्यक्ष को जब तक निलंबित नहीं किया जाता तब तक यह हमारी लड़ाई जारी रहेगी इस मौके पर मंडल के जिला महामंत्री प्रमोद साहू जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम केसरवानी मनोरी के नगर अध्यक्ष सुधीर कुमार केसरवानी चरवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष कैलाश जी सराय व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश अग्रहरी सिराथू व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुसपेंद्र कुमार पवन नेमचंद अग्रहरि गौरीशंकर मोदनवाल सुमित केशरवानी शिवम केशरी आदि बड़ी संख्या में व्यापारी उद्यमी शामिल रहे।

## विवाहिता की पीट पीटकर हत्या के बाद ड्रामेबाजी में शामिल रिश्तेदार

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर सुखवारा उर्फ रानीपुर गांव में जिस पति पर विवगिता सबा की पीट पीटकर हत्या का आरोप है उसका कहना है कि ससुराल में विवाहित की तबीयत खराब होने पर अपनी पत्नी को लेकर मोटर साइकिल से सराय अकिल हॉस्पिटल जा रहा था रसूलपुर सुखवारा उर्फ रानीपुर गांव से थोड़ी दूर पर पत्नी सबा को चक्कर आने पर मोटर साइकिल से सिर के बाल गिर गई मौके पर कुछ लोगों ने सबा को फोर व्हीलर से अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टर ने सबा को प्रयागराज के लिए ले जाने को कहा तभी थोड़ी देर में सबा की मौत हो गई सबा की मौत गिरने से हुई है शातिर पति का बचाव करने वाले पड़ोस के लोगों का कहना है कि पति-पत्नी में बहुत ज्यादा प्रेम था पति किसानी करता है। पति के बाप की 8 साल पहले मौत हो चुकी है बाइक से गिरने वक्त जिन लोगो ने घटना को नही देखा वह भी बयानबाजी कर रहे है बचाव पक्ष का कहना है कि मायके के लोगों ने झूठा इल्जाम लगाकर ससुराल वालों को फसाना चाहते हैं ऐसा झूठा इल्जाम लगाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए जिस स्थान पर बाइक से गिरने की बात पति कर रहा है विवाहिता के सिर में जिस स्थान पर गम्भीर चोट है विवाहिता के कान के भीतर गंभीर चोट है बाइक से गिरने पर इस तरह की चोट नही होती बाइक से गिरने पर शरीर के कई हिस्सों में खरोंच आती है कपडे फट जाते है लेकिन विवाहिता के शरीर मे खरोंच या घसीटने से रगड़ छिलने के निशान नही थे गिरने के बाद शरीर मे कही भी चमड़ी छिलने की स्थिति नही थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी छिलने रगड़ने घसीटने के निशान की पुष्टि नहीं की है जिस स्थान पर घटना बताई जा रही है वहा खून के निशान नही थे यह कैसी दुर्घटना है पति की बातों को सच मान ले तो जब पत्नी की तबीयत खराब थी तो एक अन्य व्यक्ति को लेकर पत्नी को बाइक में बीच में बैठाकर पति क्यों नहीं ले जा रहा था यह भी सवाल खड़ा है हत्यारो के बचाव का ठेका ले चुकी थाना पुलिस गजब की जांच कर रही है बताए जा रहे दुर्घटना स्थल पर एक भी घर ना होने के बाद पुलिस घटनास्थल पर जाकर 10-15 लोगों का बयान ले चुकी है गजब की सराय अकिल पुलिस की जांच की दिशा है और हत्यारे पति को बचाने का ठेका ले चुकी सराय अकिल पुलिस का कहना है कि सबा की मौत सिर्फ गिरने से हुई है अब तो थाना पुलिस चश्मदीद गवाह बनने की कोशिश कर रही है।

## कड़ा में लगने वाला अद्भुत गर्दभ मेला आज से शुरू

**प्रतापगढ़ फतेहपुर, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली के अलावा राजस्थान, बिहार, झारखंड मध्य प्रदेश, उत्तराखंड से हजारों की संख्या में आते है व्यापारी**



**अजुहा कौशांबी।** कड़ा धाम में मां शीतला के दरबार के पास में हर वर्ष लगने वाला गर्दभ मेला सोमवार से शुरू होगा। दो दिवसीय इस मेले में दूर दराज के व्यापारी अपने गर्दभ को लेकर पहुंच रहे हैं। कौशांबी के इस प्राचीन और अद्भुत मेले में देश के कोने-कोने से व्यापारी पहुंचते हैं। यहां पर गधों की खरीद फरोख्त की जाती है जो लाखों में होती है। यहां आने वाले धोबी समाज के लोग अपने बच्चों का रिश्ता भी तय करते हैं। गर्दभ मेले में देश के कोने-कोने से व्यापारी अपने जानवरों के साथ पहुंचने लगे हैं। दो दिवसीय मेला सोमवार और मंगलवार को लगेगा। इसमें प्रतापगढ़ फतेहपुर, कानपुर, वाराणसी, रायबरेली के अलावा राजस्थान, बिहार, झारखंड मध्य प्रदेश, उत्तराखंड से हजारों की संख्या में व्यापारी यहां आते हैं। जिसमें हजारों की संख्या में गर्दभ की खरीद फरोख्त की जाती है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। यह मेला चैत्र महीने की सप्तमी एवं अष्टमी को लगता है मान्यता है कि इस मेले में धोबी समाज के कुछ लोग अपने बच्चों का रिश्ता भी करते हैं।

# धर्म परिवर्तन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मारा छापा, कई लोगों से पकड़कर पूछताछ जारी

**पुलिस और प्रशासन द्वारा कार्यवाही के नाम पर बीते कई वर्षो से ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले में बीमारी ठीक करने के बहाने धर्म परिवर्तन का खेल बदस्तूर जारी है,धर्म परिवर्तन का यह खेल प्रार्थना सभा के नाम पर धर्म के ठेकेदार बन कर कुछ लोग चला रहे है धीरे-धीरे इस संस्था का नेटवर्क बढ़ता जा रहा है भारी तादाद में लोग संस्था से जुड़ चुके हैं और लगातार धर्म परिवर्तन का खेल पूरे कौशांबी जिले के साथ-साथ आसपास के पड़ोसी जनपदों में भी तेजी से फैल रहा है धर्म परिवर्तन करने के आड़ में लोगों को धन दिए जाने का लालच दिया जा रहा है और धन की लालच में गरीब कमजोर लोग आसानी से धर्म परिवर्तन कर रहे हैं धर्म परिवर्तन का मुख्य खेल ल प्रयागराज जिले के एक शिक्षण संस्थान से संचालित किया जा रहा है शिक्षण संस्थान की शाखाएं कौशांबी में खुल चुकी हैं लेकिन शिक्षण संस्थान में बैठने वाले धर्म परिवर्तन करने के ठेका लेने वाले सरगनाओं तक पुलिस के लम्बे हाथ कई वर्षों बाद भी नहीं पहुंच सके हैं। पुलिस और प्रशासन द्वारा कार्यवाही के नाम पर बीते कई वर्षों से ढिंढोरा पीटा जा रहा है लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे धर्म परिवर्तन करने में लगे लोगों के मंसूबे कमजोर नहीं हो रहे हैं और बेखौफ तरीके से धर्म परिवर्तन का खेल कौशांबी में चल रहा है पुलिस द्वारा बार बार कार्यवाई किए जाने के बावजूद कौशाम्बी जिले में कई स्थानों पर धर्म परिवर्तन का यह खेल चल रहा है। सैनी कोतवाली क्षेत्र के केसरिया गांव में रविवार को फिर चंगाई सभा में प्रार्थना के द्वारा बीमार लोगो के रोग को ठीक करने के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था,ग्रामीणों की सूचना पर सैनी कोतवाली पुलिस ने छापा मारा और कई लोगो को पकड़कर थाना ले आई और पूछताछ कर रही है।वही क्षेत्रीय लोगों का आरोप है की चंगाई सभा के माध्यम से गरीब परिवार के लोगो का धर्म परिवर्तन कराया जाता है।इससे पहले भी कई बार सैनी पुलिस द्वारा सभा करते लोग पकड़े गए है लेकिन धर्म परिवर्तन का यह खेल बंद नही हो पा रहा है। मंझनपुर करारी सैनी कोखराज पश्चिम शरीरा सराय अकिल सहित विभिन्न थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के ठेकेदारों की सभाए आए दिन आयोजित हो रही हैं लेकिन ठोस कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलंद है और धर्म परिवर्तन का यह खेल बेखौफ तरीके से जिले की धरती में फल फूल रहा है।

# पुलिस के बर्ताव से पीड़ित हैं काउंसलर अंजना मिश्रा

**जिस महिला ने काउंसलर पद पर होते हुए शोषित महिलाओं की मदद की एसपी ने उसी को सम्मान से किया वंचित**

**शनिवार को तहसील दिवस और थाना दिवस होने के कारण शिकायतकर्ता भी कम आते हैं और चार काउंसलर के मौजूद होने पर पर्याप्त एप्लीकेशन नहीं हो पाती**



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में चल रहे परिवार परामर्श केंद्र में अगस्त 2021 में पुलिस अधीक्षक राधेश्याम के द्वारा अंजना मिश्रा के कार्यो से प्रभावित होकर उन्हें काउंसलर पद पर नियुक्त किया था उसके पश्चात 4 वर्षों से अंजना मिश्रा जो की एक एनजीओ भी चलाती हैं ने जमीनी स्तर से शोषित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए कार्य किया इसके साथ उन्होंने पुलिस प्रशासन के कार्यों में अपना पूर्ण योगदान दिया चाहे वह नशा मुक्ति की रैली हो या मिशन शक्ति का हो या महिला जागरूकता रैली निकाली गई हो उन्होंने पुलिस प्रशासन के कार्यों में अपना पूर्ण योगदान किया परिवार परामर्श केंद्र में भी इनका बेहतर सहयोग रहा उनका कहना है कि उनको मिले नियुक्ति पत्र में लिखा है कि वह हफ्ते में किसी भी एक दिन परिवार परामर्श केदो में अपना समय दे सकती हैं इसके बावजूद अंजना मिश्रा ने यथा संभव हफ्ते में दो दिन या तीन दिन या जब भी पीड़िताओं को जरूरत पड़ी अपना पूर्ण योगदान दिया हालांकि परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों के लिए शनिवार का दिन नियुक्त किया गया है परंतु शनिवार के दिन तहसील दिवस या थाना दिवस होने के कारण अन्य पीड़िताओं के साथ अंजना मिश्रा को तहसील में या थाने में समय देना होता है जिस वजह से वह शनिवार को कम समय दे पाती हैं बाकी हफ्ते में अन्य दिन हो अपनी शोषित महिलाओं के लिए समय देती है परंतु अटेंडेंस रजिस्टर में सिर्फ शनिवार को ही साइन करने की अनुमति है अन्य दिन बैठने के बावजूद अटेंडेंस रजिस्टर में साइन नहीं करने की अनुमति दी जाती इसके बारे में अंजना मिश्रा का कहना है कि उन्होंने एडिशनल से बात भी किया था अंजना मिश्रा का कहना है कि उन्होंने 4 वर्षों से अपनी पूरी निष्ठा से अपने काउंसलर पद के कार्यों को निर्वाहन किया उसके बावजूद जब सम्मान देने की बात आती है तो पुलिस प्रशासन उन्हें इग्नोर कर देता है ऐसा क्यों शनिवार को तहसील दिवस और थाना दिवस होने के कारण शिकायतकर्ता भी काम आते हैं और चार काउंसलर के मौजूद होने पर पर्याप्त एप्लीकेशन नहीं हो पाती फिलहाल अंजना मिश्रा का कहना है कि नियुक्ति पत्र में तो कहीं भी यह नहीं लिखा है कि हम सिर्फ शनिवार को आए तो फिर शनिवार के दिन ही क्यों । शनिवार के अलावा अगर आते हैं तो अटेंडेंस रजिस्टर में साइन क्यों नहीं करने दिया जाता। यहां बात प्रशस्ति पत्र की नहीं है।यहां मान और सम्मान की है क्या 4 वर्षो में अंजना मिश्रा के द्वारा एक भी अच्छा कार्य नहीं किए गए कहीं ना कहीं अंजना मिश्रा को लगता है कि एसपी के द्वारा उनका अपमान किया गया है जो 4 वर्षों में आज तक एक भी प्रशस्ति पत्र नहीं दिया क्या 4 वर्षों में एक भी कार्य अंजना मिश्रा के द्वारा नहीं किए गए । संभवतः अंजना मिश्रा इस्तीफा भी दे सकती हैं अंजना मिश्रा का कहना है कि हम यहां अपना निशुल्क समय देते हैं इसका मतलब यह नहीं कि हम सम्मान के लायक भी नहीं है मैं सिर्फ एक काउंसलर नही हूं बल्कि मैं एक एनजीओ की अध्यक्ष भी हूं और मुझे महिलाओं की मदद करने के लिए किसी पद की आवश्यकता नहीं है।

## अभिषेक का शव घर पहुंचते ही मच गया कोहराम

**शहजादपुर गंगा की रेती में हुआ अंतिम संस्कार**



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** करेंटी घाट में शुक्रवार को स्नान के दौरान हादसे में डूबे युवक अभिषेक का शव पोस्टमार्टम के बाद दोपहर दो बजे के करीब कोखराज के पलटीपुर गांव में घर लाया गया। शव आते ही कोहराम मच गया। शव को घर पर रखते ही दो दिनों से बेटे की सुध बुध में खोई मां मंजू बेटे का शव और बहन कशिश व रागिनी भाई के मृत शरीर को देख चीत्कार उठी और दहाड़े मार कर रोने लगी। गमगीन माहौल को देखकर वहां पर मौजूद सभी के आखों से आंसुओ की धारा बहने लगी। कुछ देर घर पर रुकने के बाद परिजनों ने अभिषेक के शव को शहजादपुर घाट ले जाकर गंगा को रेती में अग्नि की चिता के हवाले कर अंतिम संस्कार कर दिया।



## घर से खेलने को निकले किशोर का तालाब में मिला शव

**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना के जलालपुर गांव में घर से खेलने को कहकर निकले किशोर का शव तालाब में मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गांव का बृजेश साहू चाट का ठेला लगाकर परिवार का भरण पोषण करता हैं। रविवार की सुबह खाना खाने के बाद उसका 13 वर्षीय पुत्र खेलने की बात कहकर घर से बाहर निकल गया। जब काफी देर तक वह वापस घर लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दिया। गांव की हर गली मोहल्ला खोजने के बाद पास में स्थित तालाब के पास गए तो तालाब के बाहर उसका चप्पल देखने के बाद ग्रामीणों ने तालाब में घुसकर खोजबीन शुरू कर दिया। घंटो खोजबीन के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तालाब के अंदर उसका शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक किशोर गोरियों स्थित एक नर्सरी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। मृतक के पिता ने बताया की डेढ़ साल पहले इसके बड़े भाई की बीमारी से मौत हो गई थी उसके बाद से यह अकेला पुत्र था जो आज छोड़कर चला गया। अब केवल संतान में 6 वर्ष की कामिनी बेटी है

# केपीएस स्कूल एंड कॉलेज भीटी महगांव में स्विमिंग पूल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हुआ भव्य उद्घाटन

## स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं स्विमिंग पूल के उद्घाटन से स्कूल के अंदर एक नए फीचर्स डेवलप हो गया





**कौशाम्बी।** केपीएस स्कूल एंड कॉलेज भीटी महगाव में स्विमिंग पूल और स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन दिनांक 30 मार्च 2024 को आयोजित किया गया कार्यक्रम के दौरान जहां एक ओर छात्र-छात्राएं अभिभावक रोमांचित मुद्रा में दिखाई दे रहे थे वहीं पर स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षाएं भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा प्रयास रत थे इन कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने अपनी स्थायित्व, कला और सांस्कृतिक प्रवृत्ति का प्रदर्शन कर विद्यालय को समृद्ध किया।कार्यक्रम में जहां एक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखर रही थी वही स्पोर्ट्स कंपलेक्स एवं स्विमिंग पूल के उद्घाटन से स्कूल के अंदर एक नए फीचर्स डेवलप हो गया जो कि कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया और रिजल्ट प्राइज वितरण समारोह में छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की गई। सांस्कृतिक संध्या में नृत्य, संगीत और नाट्य के बेहतरीन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इन सभी कार्यक्रमों में शिक्षकों का बेहद महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते रहे और उनकी प्रतिभा का संवर्धन किया। रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार का आयोजन छात्र एवं छात्राओं के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर निकलने का एक माध्यम होता है हर छात्र-छात्राओं के अंदर पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विभागों में भी एक्सपर्ट होना चाहिए उन्होंने अपने संदेश में कहा कि बच्चों पढ़ाई ही एकमात्र साधन होता है जो सफलता की ओर लेकर जाता है बिना पढ़ाई के व्यक्ति शून्य होता है बिना शिक्षा के कभी भी समाज देश का विकास संभव नहीं है इसलिए सभी लोग पढ़ाई में मेहनत करें और अपने स्कूल का ,समाज का ,परिवार का नाम ऊंचा करें संस्थान की डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार ने अपने संदेश में कहा कि विद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजन छात्र-छात्राओं को सांस्कृतिक और शैलीक परिप्रेक्ष्य में सक्षम बनाता है इसके अलावा छात्र-छात्राओं को मनोरंजन के साथ-साथ उनके विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है कार्यक्रम में मुख्य तौर पर चीफ गेस्ट के रूप में रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता की हृदय कार्णिका पुत्रियां रिद्धि और सिद्धि, वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, सुभाष चंद्र गुप्ता, फाउंडर केपीएस देव गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर मयंक मिश्रा, प्रिंसिपल प्रखर मिश्रा, भजनिस , सचिन त्रिपाठी,नीलम खरवार, प्रज्ञा शर्मा हिमांशु , राहुल सिंह आदि रहे।

## पूरामुफ्ती पुलिस ने अपहृत बालक को 24 घंटे के अंदर सकुशल किया बरामद

**कौशांबी।** पूरामुफ्ती पुलिस अपहृत बालक को चौबीस घंटे के अंदर बरामद कर विधिक कार्यवाही के बाद सकुशल परिजनों को सुपुर्द कर दिया। अपहृत बालक को पाकर परिजनों की आंख भर आई और बरामद करने वाली टीम को धन्यवाद दिया। एक दिन पहले पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के ताकिगंज निवासी काल्पनिक नाम राजकुमार उम्र 14 वर्ष पुत्र राम किशुन गुप्ता घर के बाहर खेलते हुए लापता हो गया था। लापता बालक के परिजनों ने हर जगह ढूंढा लेकिन कहीं पता नही चलने पर पूरामुफ्ती थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई जिसके पश्चात क्षेत्रीय उपनिरीक्षक सुशील सक्रिय होकर 24 घंटे के अंदर लापता बालक को प्रयागराज संगम घाट से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

## पुलिस की वर्दी चोरी करने वाला गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस ने पुलिस की अलंकार समेत एक जोड़ी वर्दी बरामद की है,पुलिस ने लिखापढ़ी कर चोर को न्यायालय पेश किया है। संदीपन घाट थाना क्षेत्र का है जहा से एक पुलिस की एक जोड़ी वर्दी के साथ आरोपी वीरेंद्र सरोज पुत्र राम औतार संवरई थाना कड़ा धाम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,पुलिस ने वर्दी बरामद कर लिखापढ़ी कर उसे न्यायालय पेश किया है जहा से उसे जेल भेज दिया गया।

# न्यूज झरोखा

## सेवानिवृत शिक्षक के सम्मान में विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**भरवारी कौशांबी** बेसिक शिक्षा परिषद के टिकरी कला कौंधियारा प्रयागराज में 1995 में शिक्षक की नियुक्ति पाने वाले उरिष्ठ प्रसाद चौधरी 29 वर्षों की शिक्षा विभाग में सेवा देने के बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय संकुल गुवारा तैयबपुर जनपद कौशांबी से 31 मार्च को सेवानिवृत हो गए हैं उरिष्ठ प्रसाद चौधरी के सेवानिवृत होने पर उनके सम्मान में शिक्षकों ने विदाई समारोह का आयोजन किया और माल्यार्पण कर प्रधानाध्यापक उरिष्ठ प्रसाद चौधरी का जोरदार तरीके से स्वागत किया सेवानिवृत शिक्षक के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यों की कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों द्वारा सराहना की गई है इस मौके पर उन्होंने बताया कि उन्होंने 29 वर्षों के कार्यकाल के दौरान कभी शिक्षण कार्य मे लापरवाही नहीं की है एक भी मेडिकल अवकाश नहीं लिया है कभी भी एक भी छुट्टी नहीं ली है और हमेशा उन्हें शिक्षकों का सहयोग मिलता रहा छात्रों के प्रति समर्पित शिक्षक के सेवानिवृत हो जाने पर तमाम छात्रों ने उन्हें उपहार दिया है और उनके शिक्षण कार्य की प्रशंसा की है इस मौके पर महिला शिक्षक संघ की अध्यक्ष सोनी केसरवानी ईश्वरी प्रसाद चौधरी आर सेठी विनोद कुमार भास्कर दीपक चौधरी धर्मवीर यादव रामबाबू दिवाकर मोहम्मद हुसैन सत्यजीत सिंह कौशल कुमार शमीम अहमद कमलेश ठाकुर ज्ञान बाबू मुरारी लाल शैलेंद्र कुमार महेंद्र मिश्रा रामशरण अशोक नारायण रामकली अनुज कुमार सहित तमाम शिक्षक और इलाके के लोग मौजूद रहे।

## दबंग प्रधान पुत्र के गुर्गों ने युवक को मारपीट कर चौकी में कराया बंद



**अजुहा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के नगिया मई ग्राम सभा निवासिनी विधवा महिला अख्तरी पत्नी स्व नूरमोहम्मद ने सैनी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया उसके पुत्र आसिफ अली को बीते कल 30 मार्च को गांव के दबंग प्रधान पीर मोहम्मद उसका पुत्र परवेज अहमद जुल्फिकार जुबेर नोमान अहमद पुत्र मेहंदी सुहेल पुत्र पप्पू कसाई आदि तमंचा, हाकी लेकर ढूंढ रहे थे, पकड़ कर गांव के जंगल ले गए जहां लाठियों, कुल्हाड़ी के बेंट से जमकर पीटा उसके पुत्र और उसे जान से मार देना चाहते हैं। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया दबंग प्रधान का अतीक गिरोह से संबंध हैं पहले से दबंग प्रधान और उसके गुर्गों का अतीक गैंग का संरक्षण है। वहीं सिराथू चौकी पुलिस पीड़ित आसिफ अली को ही उठा लाई है आज शाम 31 मार्च को जब पीड़ित को ही सिराथू चौकी पुलिस कोतवाली सैनी लाई कुछ मीडिया कर्मियों ने घायल युवक का वीडियो बनाकर वायरल कर सिराथू चौकी पुलिस और दबंग प्रधान पीर मोहम्मद के गठजोड़ का खुलासा कर दिया।

## शार्ट सर्किट से लगी आग, फसल जल कर खाक



**अजुहा कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के औरेनी गांव में आज रविवार की दोपहर हाई टेंशन तार में शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में आग लग गई। देखते ही देखते फसल धू-धूकर जलने लगी। खेत में आग को देखकर ग्रामीण दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में दस बिस्वा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। औरेनी गांव के धर्मेंद्र पुत्र गुलाब सिंह ने खेत में गेहूं की फसल बोई थी। फसल पककर कटाई के लिए तैयार थी। धर्मेंद्र के अनुसार खेत के ऊपर से हाईटेंशन तार गया हुआ है, जो ढीला होकर काफी नीचे तक लटक रहा है। रविवार दोपहर 11:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट होने से गेहूं की फसल में आग लग गई।

## 17 साल सेवा कर एलआईयू एसआई सुषमा दुबे हुई सेवानिवृत्त

**एसपी, एएसपी एलआईयू स्टाफ ने दी भावभीनी विदाई**




**कौशाम्बी।** जिले में 17 साल नौकरी कर एलआईयू एसआई सुषमा दुबे रविवार को सेवानिर्वृत हो गई, पुलिस आफिस में एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी अशोक कुमार वर्मा एवम एलआईयू स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। कौशाम्बी जनपद में 2008 में ड्यूटी ज्वाइन करने वाली एसआई सुषमा दुबे ने लगभग 17 साल एलआईयू में रही और एक अच्छे परिवार की तरह कार्य निष्पादन कर सभी का आभार हासिल करती रही,रविवार को वह सेवानिर्वृत हो गई,उनके सेवानिर्वृत होने पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र दिया,एएसपी अशोक कुमार वर्मा एवम स्टाफ ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस दौरान एलआईयू आफिस में उनके लिए विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमे उनके द्वारा कार्यालय में एवम क्षेत्र में किए गए कार्यों के बारे चर्चा की गई, उन्हे एवम उनके साथ आए हुए उनके परिवार के लोगो को भोजन कराने के बाद उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान उन्होंने अश्रुपूर्ण आंखो से सभी को धन्यवाद देते हुए विदाई ली।

## मौहारी गांव में नामदेव दर्जी महासभा का आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मौहारी बाग गांव में रविवार को नामदेव दर्जी महासभा के बैनर तले होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन तहसील अध्यक्ष राकेश नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संरक्षक व राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के सदस्य राधेश्याम नामदेव मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन सतीश नामदेव ने किया कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आयोग के सदस्य राधेश्याम नामदेव ने कहा कि होली पर्व हम सभी को जहां ढेरों खुशियां दे जाती है वहीं एक दूसरे के प्रति मौजूद सारे गिले शिकवों को भी दूर करते हुए एकजुट रहने का संदेश भी देती है। उन्होंने कहा कि नामदेव दर्जी समाज अपने हक और अधिकार को पाने के लिए पूरी शक्ति के साथ एक संगठन के रूप में एक प्लेट फार्म पर खड़ा हो चुका है। उन्होंने समाज के सभी स्वजातीय बंधुओं को संदेश में कहा कि आप लोग संगठित होकर एक बैनर तले एकत्रित होकर काम करें आपको अपना हक और अधिकार स्वयं मिल जाएगा। उन्होंने संगठन के जिलाध्यक्ष सुशील कुमार से कहा कि वह अपनी कार्यकारिणी को लगाकर जिले के तीनों विधान सभाओं में जातीय गणना करा लें। इस दौरान उन्होंने सभी समाज के बंधुओं को होली पर्व की बधाई दिया। वहीं कार्यक्रम के दौरान युवा चंद्रभान नामदेव को नामदेव दर्जी महासभा के युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष भी मनोनीत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव शत्रुघन एडवोकेट, जिलाध्यक्ष सुशील नामदेव, मंडल अध्यक्ष कमलेश नामदेव, उरगेश नामदेव, जिला उपाध्यक्ष विष्णु नामदेव, मोहनलाल नामदेव, दीपक दर्जी, अनिल नामदेव, संजीव कुमार, हरीलाल, कोमल नामदेव, राजेश कुमार नामदेव आदि ने भी कार्यक्रम में अपने-अपने विचार रखे। वहीं कार्यक्रम में काफी संख्या में नामदेव समाज के लोग मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### चुनाव का ताप या सोचा-समझा प्रलाप!

यों तो हमारे समाज में बात-बात पर आपे से बाहर होना और बदजुबानी करना आम बात होती जा रही है, लेकिन चुनावी मौसम में सार्वजनिक जीवन में अमर्यादित भाषा का प्रयोग मानो खतरे के निशान को पार करने को कुछ विशेष ही लालायित रहता है। इस बार भी जैसे ही सियासी पार्टियों ने लोक सभा चुनाव के लिए अपनी अपनी सूचियाँ जारी करनी शुरू कीं, वैसे ही वाक वीरों और वीरांगनाओं का अभद्र और अश्लील प्रलाप भी शुरू हो गया। कुछ इस तरह मानो उन्हें न तो चुनाव आयोग की परवाह है और न आदर्श आचार संहिता की फिक्र। सामाजिक-नैतिक लाज-शरम से तो जैसे कोई नाता ही नहीं बचा! ऐसे प्रतापियों (प्रलापियों?) को भला कौन समझाए - "ऐसी बानी बोलिए, मन का आपा खोय/ औरन को शीतल करे, आपहु शीतल होय!" (कबीर)।

इस भूमिका से शायद पाठकों को हाल ही में चर्चित (कुख्यात?) कुछ बयान याद आ रहे हों। ऐसे बयान जिनका उल्लेख करते हुए भी सिर शर्म से झुक जाए। दिल्ली हो या हिमाचल, या फिर पश्चिम बंगाल - चुनावी गर्मी के सिर चढ़ने से नर-पुंगवों से लेकर नारी-रत्नों तक का भाषायी असंयम अभी से सारी हदें पार करने लगा है। भाषा-व्यवहार को गंदला करने में सियासी हस्तियों की भूमिका तो एकबारगी समझी भी जा सकती है, लेकिन साहित्यिक विभूतियाँ भी अगर इसी कीचड़ में धँसी दिखाई देने लगें, तो आम नागरिक के पास अपना सिर पीट लेने के अलावा शायद कोई चारा नहीं! तब तो यह मर्यादाहीनता और भी घृणित और निंदनीय लगेगी न, जब गाली भरे कटाक्षों के निशाने पर कोई महिला हो!

आशा है कि अब अवश्य आपकी स्मृति में सुप्रिया श्रीनेत, दिलीप घोष और हरीश अहीर सरीखी कुछ सियासी शख्सियतों के बयान कौंध रहे होंगे। साथ ही, मृणाल पांडे जैसी स्वनाम धन्य स्त्रीविमर्शकार लेखिका के शब्द भी शायद आसपास गूँजने लगे हों! इन सबने अलग अलग मौकों पर जिस तरह की अभद्र बयानबाजी की है, वह निंदनीय है और अक्षम्य भी - चाहे वह कंगना रनौत के बारे में हो या ममता बनर्जी के!

इस तरह की बयानबाजी करके जबान से फिर जाना भी आम बात है। अब तक वाणी के ऐसे डिक्टेटर सुलगते शब्दों के तीर चलाने के बाद जवाब तलब किए जाने पर मासूमियत से कहा करते थे - न, मैंने तो ऐसा नहीं कहा; या कि मेरे बयान को तोड़ मरोड़ कर पेश किया गया है; अथवा कि मेरा यह मतलब नहीं था। लेकिन सोशल मीडिया के नए जमाने में इनके जवाब अब कुछ इस तरह के होते हैं कि- मेरा पासवर्ड चोरी हो गया, किसी और ने मेरे नाम से पोस्ट लिख दी, मैंने तो कभी ऐसा कुछ भी लिखा ही नहीं! झट से लिखो को पट से मिटाकर कह दीजिए कि- देखिए, मैंने तो पता चलते ही सारी गंदगी डिलीट कर दी - ' मैया, मैं नहीं माखन खायो/ ग्वाल-बाल सब बैर पड़े हैं, बरबस मुख लपटायो!'(सूरदास)। लेकिन इतनी देर में तो सेटेलाइट कम्युनिकेशन के इस युग में सारी गाली-गलौज विश्वव्यापी हो चुकी होती है। निशाने धराशायी भी हो चुके होते हैं। बलिहारी है इस चालाकीभरी मासूमियत की!

लब्बोलुआब यह कि इन सिर-चढ़ी चुनावी गर्मी के मारों के प्रति आम आदमी से लेकर चुनाव आयोग, प्रशासन और न्यायपालिका तक को निर्मम होने की जरूरत है, क्योंकि सार्वजनिक व्यवहार की भाषा को खराब करने और स्त्रियों की मर्यादा पर चोट करने को किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। राजनीति हो या साहित्य, पुरुष हो या स्त्री - किसी को भी किसी की भी मयार्दा के अतिक्रमण की अनुमति नहीं होनी चाहिए न! ०००

# स्वच्छता का संदेश देती शीतला माता

**01 अप्रैल शीतला अष्टमी पर विशेष**



हमारे देश में विविध पर्व-त्योहारों को मनाने के पीछे वैज्ञानिक सोच व तत्व-दर्शन निहित है। होली के एक सप्ताह बाद मनाये जाने वाले शीतलाष्टमी त्योहार पर शीतला माता का पूजन कर व्रत रखा जाता है। मान्यता है कि माता के पूजन से चेचक, खसरा जैसे संक्रामक रोगों का मुक्ति मिलती है। चूंकि ऋतु-परिवर्तन के दौरान इस समय संक्रामक रोगों के प्रकोप की काफी आशंका रहती है। इसलिए इन रोगों से बचाव के लिए श्रद्धालु शीतलाष्टमी के दिन माता का विधिपूर्वक पूजन करते हैं जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

शीतला माता स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं और इसी संदर्भ में शीतला माता की पूजा से हमें स्वच्छता की प्रेरणा मिलती है। इनका सैदव से ही बहुत अधिक माहात्म्य रहा है। शीतला-मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। शीतला माता के संग ज्वरासुर- ज्वर का दैत्य, ओलै चंडी बीबी - हैजे की देवी, चौंसठ रोग, घेंटुकर्ण- त्वचा-रोग के देवता एवं रक्तवती - रक्त संक्रमण की देवी होते हैं। इनके कलश में दाल के दानों के रूप में विषाणु या शीतल स्वास्थ्यवर्धक एवं रोगाणु नाशक जल होता है।

शीतला माता देवी है जो गधे पर सवार होती है और नीम के पत?तों की माला का श्रृंगार करती हैं। इस दिन घर में बासी पुआ, पूड़ी, दाल भात और मिठाई का भोग लगाया जाता हैं। शीतला माता को भोग लगाने के बाद घर के सदस्य खुद इसका सेवन करते हैं। सामान्य तौर पर शीतला माता का पूजन चैत्र कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाना यानी बसौड़ा तैयार किया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में अर्पित करते हैं और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में इसे वितरित करते हैं। उत्तर भारत में शीतलाष्टमी का त्योहार बसौड़ा नाम से भी प्रचलित है। मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना नहीं खाना चाहिए। यह ऋतु का अंतिम दिन होता है जब बासी खाना खा सकते हैं।

इस व्रत में रसोई की दीवार पर हाथ की पांच अंगुली घी से लगाई जाती है। इस पर रोली और चावल लगाकर देवी माता के गीत गाये जाते हैं। इसके साथ, शीतला स्तोत्र तथा कहानी सुनी जाती है। रात में जोत जलाई जाती है। एक थाली में बासी भोजन रखकर परिवार के सारे सदस्यों का हाथ लगवाकर शीतला माता के मंदिर में चढ़ाते हैं। इनकी उपासना से स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा मिलती है।

शीतला माता की महत्ता के विषय में स्कंद पुराण में विस्तृत वर्णन मिलता है। इसमें उल्लेख है कि शीतला देवी का वाहन गर्दभ है। ये हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाडू) और नीम के पत्ते धारण किये हैं। इनका प्रतीकात्मक महत्व है। आशय यह है कि चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है। झाडू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम की पत्तियां फोड़ों को सड़ने नहीं देतीं। रोगी को ठंडा जल अच्छा लगता है, अतः कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं।

स्कंद पुराण में शीतला माता की अर्चना का स्तोत्र है शीतलाष्टक। माना जाता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने की थी। यह स्तोत्र शीतला देवी की महिमा का गान कर उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित करता है।

**वन्देऽहं शीतलां देवीं रासभस्थां दिगम्बरराम्,**
**मार्जनीकलशोपेतां शूपार्लंकृतमस्तकाम्।**

अर्थात गर्दभ पर विराजमान दिगम्बरा, हाथ में झाडू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवाली भगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से स्पष्ट है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी (झाडू) होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है। मान्यता के अनुसार, इस व्रत को रखने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में चेचक, खसरा, दाह, ज्वर, पीतज्वर, दुर्गधयुक्त फोड़े और नेत्रों के रोग आदि दूर हो जाते हैं। माता के रोगी के लिए यह व्रत बहुत मददगार है।

आमतौर पर, शीतला रोग के आक्रमण के समय रोगी दाह (जलन) से निरंतर पीड़ित रहता है। उसे शीतलता की बहुत जरूरत होती है। गर्दभ पिंडी (गधे की लीद) की गंध से फोड़ों का दर्द कम हो जाता है। नीम के पत्तों से फोड़े सड़ते नहीं है और जलघट भी उसके पास रखना अनिवार्य है। इससे शीतलता मिलती है।

लोक किंवदंतियों के अनुसार बसौड़ा की पूजा माता शीतला को प्रसन्न करने के लिए की जाती है। कहते हैं कि एक बार किसी गांव में गांववासी शीतला माता की पूजा-अर्चना कर रहे थे तो मां को गांववासियों ने गरिष्ठ भोजन प्रसादस्वरूप चढ़ा दिया। शीतलता की प्रतिमूर्ति मां भवानी का गर्म भोजन से मुंह जल गया तो वे नाराज हो गईं और उन्होंने कोपदृष्टि से संपूर्ण गांव में आग लगा दी। बस केवल एक बुढिया का घर सुरक्षित बचा हुआ था। गांव वालों ने जाकर उस बुढिया से घर न जलने के बारे में पूछा तो बुढिया ने मां शीतला को गरिष्ठ भोजन खिलाने वाली बात कही और कहा कि उन्होंने रात को ही भोजन बनाकर मां को भोग में ठंडा-बासी भोजन खिलाया। जिससे मां ने प्रसन्न होकर बुढिया का घर जलने से बचा लिया। बुढिया की बात सुनकर गांव वालों ने शीतलामाता से क्षमा मांगी और रंगपंचमी के बाद आने वाली सप्तमी के दिन उन्हें बासी भोजन खिलाकर मां का बसौड़ा पूजन किया।

संसार में दो प्रकार के प्राणी होते है। पहला सौर शक्ति प्रधान और दूसरा चान्द्र शक्ति प्रधान। सौर शक्ति के बारे में कहा जाता है कि सौर शक्ति जीव बहुत चंचल, चुलबुले, तत्काल बिगड़ उठने वाले और असहनशील होते हैं जबकि चान्द्र शक्ति प्रधान व्यक्ति इसके विपरीत होते है। चान्द्र शक्ति प्रधान जीवों में प्रमुख गधा ही माता शीतला का वाहन हो सकता है। यहां गधा संकेत देता है कि चामुण्डा के आक्रमण के समय रोग का अधिक प्रहार सहन करते हुए रोगी को कभी अधीर नहीं होना चाहिए। इसके अतिरिक्त शीतला रोग में गर्दभी का दूध, गधा लोटने के स्थान की मिट्टी और गधों के संपर्क का वातावरण उपयुक्त समझा जाता है। कहते हैं कि कुम्हार को चामुण्डा का भय नहीं होता है। वहीं ऊंट वाले को कभी पेट का रोग नहीं होता। चामुण्डा शववाहना के अनुसार चामुण्डा का वाहन शव होता है। इसका तात्पर्य यह है कि चामुण्डा से आक्रान्त रोगी को शव की भांति निश्चेष्ट होकर उचित समय की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

**रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

## कॉर्पोरेट कंपनी जैसे दलों द्वारा हाईजैक जनतंत्र

**-अमित त्यागी**

लोकतन्त्र का वर्तमान स्वरूप कॉर्पोरेट के अनुसार हो चुका है। अब दलों में जनभावना के अनुसार निर्णय नहीं होते हैं बल्कि उच्च स्तर के आदेशों का पालन नीचे कराया जाता है। अब गांधी, लोहिया, अन्ना हजारे कोई नहीं बनना चाहता बल्कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र से जुड़ना चाहता है क्योंकि तंत्र के माध्यम से वह सब कमाया जा सकता है जो अपने पुरूषार्थ एवं मेहनत से प्राप्त नहीं हो सकता है। लोक के माध्यम से धन नहीं कमाया जा सकता है किन्तु तंत्र के माध्यम से सम्पदा कमाई जा सकती है। तंत्र से सवाल पूछने वाले लोग भी तंत्र से जुड़ गए हैं और वह वहाँ स्थापित होकर गौरवान्वित अनुभव कर रहे हैं। वह लोक की पीड़ा समझते हैं किन्तु स्व हितों के कारण तंत्र के आगे नतमस्तक है। सम्पूर्ण राजनीतिक तंत्र पिशाची प्रवृत्ति का हो गया है। चुनावों में राजनीतिक तंत्र के द्वारा लोक का मखौल बनाया जाने लगा है। लगभग सभी दलों में प्रत्याशी का चयन जनभावना के अनुरूप न होकर हाईकमान की सर परस्ती से होने लगा है, ऐसे में लोक का नेतृत्व करने वाले नेता अब नेपथ्य में चले गये हैं और हाईकमान की अनुकंपा वाले प्रसाद पाकर स्थापित होते जा रहे हैं। लोक का दुर्भाग्य है कि आज वह सिर्फ एक भीड़ बनकर रह गया है। इस भीड़ का एक भाग अब पक्ष में दिखता है और दूसरा विपक्ष में। लोकतन्त्र पहले लीग मैचों की तरह था जिसमे चार पाँच दल आपस में प्रतिद्वंदिता रखते हुये विजय प्राप्त करते थे। एक उत्सव की तरह चुनाव होते थे और दो तीन महीने जनता इसका रसपान करती थी। अब सीधे दो पक्षों के बीच फाइनल होने लगा है। इस नयी व्यवस्था का कारण स्पष्ट है कि भारत को अमेरिकी तर्ज पर ढाला जा चुका है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव को प्रेरणास्रोत की तरह देखने वाली राजनीतिक व्यवस्था ने पिछले दो दशक में भारतीय लोकतान्त्रिक व्यवस्था का उत्पीड़न करते हुये सुनियोजित तरीके से दो दलीय व्यवस्था स्थापित कर दी है। धन का मानक अन्य सभी सामाजिक मानकों पर अब सर्वोच्च है। एलेक्टोरल बॉन्ड भी इसी व्यवस्था से उपजा एक प्रारूप है। अब चुनावी चंदे का कॉर्पोरेट नाम एलेक्टोरल बॉन्ड है। राजनीतिक दलों में कार्यकताओं को मशीन के पुर्जे की तरह उपयोग किया जा रहा है। पुर्जे बदलते रहो और मशीन चलती रहेगी। राजनीतिक दल अपने लूटतंत्र को छुपाते हुये जनता के बीच अपनी साख बचाने के लिए किसी भी स्तर पर अपने कार्यकर्ता को पुर्जे की तरह बदल देते हैं। लोकतन्त्र में तंत्र लोक के लिए बनाया जाता है। हर चुनाव के बाद एक तंत्र बनता है। वह तंत्र उसी का शोषण करता है जो उसका निर्माण करता है। तंत्र को बनाने वाला लोक हर बार ठगा जाता है। जैसा लोक चाहता है वैसा तंत्र को कार्य करना चाहिए। क्या ऐसा हो रहा है ? शायद नहीं। तंत्र को नियंत्रित करने के साधन भी सीमित होते चले जा रहे हैं। तंत्र लगातार लोक की राह में रोड़ा बन रहा है। जो व्यवस्था अंग्रेजों ने अपने राज करने के लिए बनाई थी वह आज भी बरकरार है। या यूं कह सकते हैं कि पहले से ज्यादा पैशाचिक रूप से बाहर आ गयी है। तंत्र और तंत्र से जुड़े लोग कभी नहीं चाहते हैं कि इस तंत्र को बदलने की कोई आवाज लोक से उठे। लोक से उठी हर आवाज को यह तंत्र या तो दबा देगा या किसी भी माध्यम से दबवा देगा। यह वही तंत्र है जिसे ब्रिटेन ने अपने गुलाम देशों के शोषण के लिए बनाया था। इसी कारण लोक के धन पर लगातार तंत्र से जुड़ा एक छोटा सा देश ब्रिटेन लगातार अमीर होता जा रहा था और लोक से जुड़े उसके कब्जे वाले देश लगातार गरीब होते चले जा रहे थे। अब इसमे ब्रिटेन के स्थान पर राजनीतिक दलों के आलाकमान हैं और छोटे देशों के स्थान पर इन दलों के छोटे कार्यकर्ता है। यह तंत्र मालिक बनकर लोक को मजदूर बना रहा है। आज खेत लोक के हैं किन्तु उसकी कीमत तंत्र तय करता है। जमीन पर कार्य कार्यकर्ता करते हैं पर चुनावी टिकट आलाकमान तय करता है। तंत्र से जुड़े लोगों द्वारा आपसी मिली भगत से आज देश में जो लूट मची है ऐसी लूटपाट करने वाले अंग्रेजों से तो हमने 1947 में मुक्ति पा ली थी पर पिछले दो दशक में अमेरिकी तर्ज पर ढल चुके इस तंत्र में बैठे काले अंग्रेजों और अपने खुद के जयचंदों का हम क्या करें ? अब इस राजनीतिक तंत्र में जो व्यक्ति तंत्र का हिस्सा बनता है वह रातों रात करोड़पति बन जाता है। इसके बाद धन से राजनीतिक पद पा जाता है। जो लोक से जुड़ा रहता है उसके हिस्से में सिर्फ संघर्ष आता है। उसका कार्य होता है कि आलाकमान के कुकृत्यों को जनता के बीच वह सुकृत्य बनाकर प्रस्तुत करे। देश में इस समय एक वैचारिक आंदोलन की आवश्यकता है। अन्ना हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक बड़ा आंदोलन एक दशक पहले हुआ। उस व्यवस्था से निकले अरविंद केजरीवाल ने लोगों के अंदर आंदोलन के प्रति विश्वास भी समाप्त कर दिया। सामान्य जनमानस अब इंस्टाग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया पर आनंदित हो रहा है। सब कुछ समझते हुये भी उसके पास विकल्पहीनता है। यह विकल्पहीनता भी उसी राजनीतिक तंत्र का एक प्रारूप है।

**( विधि एव प्रबंधन में परास्नातक लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं। )**

## अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?



लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये।

लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है।

शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं।

हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है। ताकि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी।

वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है, जो मानता है कि केजरीवाल को तंग किया जा रहा है। दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है। लोग चुटकियां लेने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते-बताते केजरीवाल ने नष्ट कर दिया, वह भी उसकी ईमानदारी की गारंटी दे रही है। यही वजह प्रहसन का बिंदु है, जिसकी वजह से दिल्ली के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीद लगा सकती है। हालांकि इस प्रहसन के प्रभाव को कम करने की कोशिश में आम आदमी पार्टी ही नहीं, कांग्रेस भी प्राणपण से जुटी है। दिल्ली की काया पलटने वाली कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कभी कहा करते थे कि वे केजरीवाल से अपनी मां के अपमान का बदला जरूर लेंगे। वह संदीप दीक्षित भी अब केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताने लगे हैं। संदीप दीक्षित जैसों के बयानों को भाजपा के दिल्ली के लोकसभाई किले में सेंध लगाने की कोशिश का विस्तार मान सकते हैं।

दिल्ली के अपने छह सांसदों के टिकट भाजपा ने काट दिए हैं। सिर्फ मनोज तिवारी ही ऐसे हैं, जिन्हें तीसरी बार टिकट मिला है। भाजपा के इस कदम का आम आदमी पार्टी और कांग्रेस- दोनों भाजपा की नाकामी के रूप में दिखाने-जताने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद यह है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उपजी सहानुभूति लहर को उभारते हुए भाजपा की नाकामी से जोड़ दिया जाए और उसका चुनावी फायदा उठाया जाए। दिल्ली में पांचवें दौर में 25 मई को चुनाव होना है। जिसमें काफी वक्त है। अभी तक तो कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान तक नहीं कर सकी है। ऐसे में चुनावी पानी की धार को लेकर फिलहाल कुछ कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बात स्वीकार करनी होगी कि अगर केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सहानुभूति लहर बढ़ी तो दिल्ली का चुनावी इतिहास बदल सकता है। वैसे अब तक जैसी सहानुभूति है, उससे इतिहास बदलने की उम्मीद फिलहाल बेमानी है।

**-उमेश चतुर्वेदी**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

## नाम गुम जाएगा

**विमल मिश्र**

हाजी अली जाने के लिए महालक्ष्मी स्टेशन उतरना पड़ता है और मुंबादेवी जाने के लिए मस्जिद बंदर स्टेशन। अपनी मुंबई की बात ही निराली है। चर्चगेट, मस्जिद, गुरू तेगबहादुर नगर, महालक्ष्मी, अंबरनाथ, मुंब्रा और उनका साथ देने को पिछले कुछ सालों से प्रभादेवी और राम मंदिर मौजूद हैं और मुंबा देवी और तीर्थंकर पार्श्वनाथ स्टेशन आने की तैयारी में हैं, रेल इतिहासकार राजेंद्र आकलेकर ने विनोद किया, मुंबई के स्टेशन अब पूरी तरह से धर्म निरपेक्ष हैं। मुंबई के कुछ स्टेशन तो बने ही हैं अपने तीर्थस्थल होने के कारण। भूलेश्वर, वालकेश्वर, विले पार्ले, परेल और जोगेश्वरी के नामकरण की वजह इनसे मिलते-जुलते नामों वाले मंदिरों के कारण ही मानी जाती है।

मुंबई में अब एक साथ आठ रेलवे स्टेशन के नाम बदलने की तैयारी हो गई है। महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई सेंट्रल समेत महानगर के आठ रेलवे स्टेशनों के नाम बदलने के प्रस्ताव को एक साथ हरी झंडी दे दी है। केंद्र सरकार की अनुमति मिली तो ब्रिटिश काल में रखे गए अंग्रेजी नाम अब नजर नहीं आएंगे। मुंबई सेंट्रल का नया नाम जाने-माने शिक्षाविद् नाना जगन्नाथ शंकरसेठ के नाम पर रखा जाएगा, जबकि करी रोड स्टेशन का नया नाम अब लालबाग स्टेशन होगा। सैंडहर्स्ट रोड डोंगरी स्टेशन, मरीन लाइंस मुंबादेवी स्टेशन, किंग्ज सर्कल तीर्थंकर पार्श्वनाथ स्टेशन, चर्नी रोड गिरगांव स्टेशन, कॉटन ग्रीन काला चौकी स्टेशन और डॉकयार्ड मझगांव स्टेशन हो जाएंगे। दादर को चैत्यभूमि, माटुंगा को मरुबाई, बांद्रा टर्मिनस को सूफी संत मखदूम माहिमी, कोपरखैरणे को धीरुभाई अंबानी की मांगें पेंडिंग हैं। ओशिवरा स्टेशन का नाम राम मंदिर और एलफिंस्टन रोड को प्रभादेवी का नाम दिए जाने के बाद अब ग्रांट रोड को गांवदेवी (या अगस्त क्रांति), वडाला को श्रीपाद अमृत डांगे और दादर (पूर्व) के मोनो रेल स्टेशन को विठ्ठल मंदिर का नाम देने की मांग भी उठने लगी है, इन जगहों पर मौजूद मशहूर मंदिरों के कारण। इसी तरह की मांगें मोनो और निमार्णाधीन मेट्रो स्टेशनों के लिए भी की जा रही हैं। बीते वर्षों में मुंबई की बहुत सी सड़कों और स्थानों के नाम भी बदल गए हैं।

**रीयल इस्टेट का नया धंधा**

मंदी झेल रहे रीयल इस्टेट का नया धंधा है नामकरण। लिहाजा, आपने अखबारों में वे विज्ञापन जरूर देखे होंगे, जिनमें लोअर परेल के फ्लैट को अपर वर्ली का बताकर बेचा जा रहा है। वडाला के फ्लैट को न्यू कफ परेड और जीटीबी नगर के फ्लैट को सायन में बताकर। खार में रहने वाले खुद की रिहाइश बांद्रा की बताते हैं। बांद्रा पूर्व की एमआईजी कॉलोनी में रहने वाले खुद को बीकेसी अनेक्सी या बीकेसी एक्सटेंशन का वासी बताकर गर्व करते हैं, जबकि अंधेरी का फोर बंगलो अपर जुहू के नाम से मशहूर हो रहा है। मजे की बात यह है कि महानगरपालिका के रिकॉर्ड में आपको इन नामों का कहीं उल्लेख ही नहीं मिलेगा।

**अजब- गजब नाम**

मुंबई भले हो गया हो, पर बहुत से लोगों की जुबान पर बॉम्बे नाम ही चढ़ा रह गया है, जबकि इस बॉम्बे का बम से कुछ लेना-देना नहीं है। न तो चर्च है, न ही कोई गेट। फिर भी है चर्चगेट।

अंधेरी में कोई अंधेरा नहीं। बांद्रा दूसरी बातों के लिए मशहूर है बंदरों को छोड़कर। न तो कुछ लाल है, न ही कोई बाग है। लालबाग फिर भी है। पश्चिम रेल के लोअर परेल में लोअर जैसा कुछ नहीं। इसका लेवल वही है, जो मध्य रेल के परेल का। तीन बत्ती तीन सड़कों का संगम है, तीन बत्तियों का नहीं। लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स में लोहे और इस्पात का कारोबार नहीं होता।

**नाम जो बदल गए**

अंडारू, बेरेवला और पंजो! सुने हैं ये नाम? ये नाम थे पश्चिमी रेलवे के उपनगरीय रेल स्टेशनों के। कोला-भात से नाम पाने वाले कोलाबा जैसे स्टेशन आज या तो लुप्त हैं या उनके नाम बदल गए हैं। मसलन, पहाड़ी जो गोरेगांव और प्राचीनकाल का बंदरगाह सोपारा (नीला) जो नालासोपारा का पुराना नाम रहा है। भांडोप भांडुप, अंदारी अंधेरी, तान्ना ठाणे, बेरिव्ला या बोरिव्ली बोरिवली, दाईसर दहिसर, बसीन वसई रोड, विरौर विरार और राजा भीमदेव की राजधानी रहा महिमावती माइजिम व मेजांबू होते हुए माहिम हो गया है, जबकि घारापुरी एलिफेंटा बन गया है। कुछ स्टेशनों के अंग्रेजी नाम तो चक्कर में डालने वाले हैं, क्योंकि उनकी स्पेलिंग और उच्चारण मेल नहीं खाते-जैसे शिवड़ी और भायखला। काला घोड़ा, धोबी तालाब जैसे इलाके तो घोड़ा और तालाब लुप्त होने के बाद भी उसी नाम से पुकारे जाते हैं।

**बॉम्ब बहिया से मुंबई**

नामकरण स्थानीय इतिहास के अनुकूल हो और बेतुका न हो इसमें कोई हर्ज नहीं है, कोलाबा से सिटीजन कार्पोरेटर मिलिंद नार्वेकर बताते हैं। जिस शहर और उसके मुख्य रेल टर्मिनस, हवाई अड्डे और म्यू?जियम के खुद के नाम बदल गए हों (बंबई से मुंबई, विक्टोरिया टर्मिनस से छत्रपति शिवाजी महाराज रेल टर्मिनस, सहार हवाई अड्डा से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा और प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम से छत्रपति शिवाजी महाराज वस्तु संग्रहालय उसके लिए ये नामकरण अस्वाभाविक नहीं कहलाएंगे। मुंबई का इतिहास ऐसी मिसालों से भरपूर है।

# डीन-प्रो की प्रताड़ना से तंग छात्र ने की आत्महत्या

## डेडबाडी पहुंचाने की विवि प्रशासन ने नहीं की व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ग्रामोदय विश्वविद्यालय में कृषि संकाय में पढने वाले छात्र माधेश जामरे ने शनिवार को कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक छात्र माधेश जामरे खरगौन एमपी के थे। रविवार को चित्रकूट पहुंचे मृतक छात्र के परिजनों के साथ अन्य छात्रों ने आरोप लगाया कि कृषि संकाय के डीन प्रो देव प्रभाकर राय समेत प्रो पवन सिरोठिया के प्रताड़ित व अपमानित करने से छात्र ने आत्महत्या की है।

रविवार को छात्रों ने बताया कि डीन प्रो देव प्रभाकर राय व प्रो पवन सिरोठिया सदैव छात्रों से गाली-गलौज करते थे। छात्रों को आतंकवादी कहते थे। इससे छात्र माधेश जामरे ने फांसी लगाकर जान दे दी।



थानाध्यक्ष को तहरीर देते छात्र।

आदिवासी छात्रों को आतंकवादी कहकर गाली-गलौज करते विश्वविद्यालय के डीन व प्रो की अराजकता थमने का नाम नहीं ले रही। विश्वविद्यालय शैक्षणिक गतिविधियों से ज्यादा अराजकता व धांधली को लेकर सुर्खियों में है। बीते दिनों विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली एक लड़की ने मैडल देने को लेकर पक्षपात का आरोप लगाया था। लड़की ने थाना चित्रकूट पुलिस मे रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। अब पुनः विश्वविद्यालय सुर्खियों में है। कृषि संकाय में पढ़ने वाले आदिवासी छात्र माधेश जामरे के आत्महत्या से ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रशासन ने बेशर्मी की हदें पार कर दी। मृतक छात्र के परिजनों को सांत्वना देने कोई नहीं पहुंचा। डेडबॉडी ले जाने को परिजनों की कोई मदद नहीं की। पोस्टमार्टम बाद सहयोगी छात्रों ने चंदा कर डेडबॉडी खरगौन पहुंचाने को 26 हजार रुपये की व्यवस्था की।

### एसपी के निर्देश पर पांच पर गुण्डा-12 पर मिनी गुण्डा एक्ट

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों पर कार्यवाही में भोली-भाली जनता में भय-आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले पांच लोगों के खिलाफ गुण्डा व 12 के खिलाफ मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही हुई है। रविवार को थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह ने महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ बबलू सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह टिटिहरा रोड भरतकूप, अमोल यादव पुत्र रामस्वरुप भरतकूप पर गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है। प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश कुमार मौर्या ने आनन्द शुक्ला उर्फ कल्लू पुत्र द्वारिका प्रसाद शुक्ला कस्बा बरगढ़ पर गुण्डा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने नागेन्द्र पुत्र दिनेश सिंह बरुआ, छोटू पुत्र छेदीलाल चनहट पर गुण्डा एक्ट लगाया है। उन्होंने राकेश सिंह उर्फ दादू सिंह उर्फ लाल सिंह सगवारा, हनुमान सिंह पुत्र वकील सिंह महुआ पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

# शिवाजी ग्रुप उत्कृष्ट शिक्षा को प्रतिबद्धः अतुल सचान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शिवाजी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन कानपुर के जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में टैलेंट सर्च परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के 350 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दिया।

रविवार को परीक्षा में जो छात्र प्रथम, द्वितीय, तृतीय आयेंगे, उन्हें छह से लेकर इंटर तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। संस्थान डायरेक्टर इं अतुल सचान ने बताया कि चित्रकूट में उत्कृष्ट शिक्षा को नई ब्रांच जेपी इंटर कॉलेज कर्वी में खोली है। कानपुर में शिवाजी इंटर कॉलेज केशव नगर, शिवाजी ग्लोबल इंस्टिट्यूट भदवारा, शिवाजी ग्लोबल अकैडमी नौरंगा लिल्स बगिया केशव नगर, वीएलआरसी इंटर कॉलेज पनकी कानपुर, शिवाजी ग्लोबल अकैडमी नौरंगा घाटमपुर कानपुर, पटेल इंटर कॉलेज सिविल लाइन फतेहपुर लिल्स बगिया सिविल लाइन फतेहपुर चल रहे हैं। पंद्रह हजार से अधिक छात्र-छात्रायें शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इंटर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान पा रहे है। चित्रकूट में अच्छी शिक्षा को बढ़ावा देने को नई ब्रांच खोली है। गरीब से गरीब बच्चों को कम शुल्क में अच्छी शिक्षा मिल सके। किसी भी कार्य दिवस में बच्चों को प्रवेश दिला सकते हैं। बच्चों को कक्षा छह से ही तैयारी करायी जाती है। बच्चे इंटर के बाद रोजगार सृजन कर सकें। माता-पिता व क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। इस मौके पर मान सिंह, अजीत सिंह, सिद्धार्थ विश्वकर्मा, निधि द्विवेदी, सतीश कुमार, धर्मेंद्र, जेपी मिश्रा, रजनीश कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।



टैलेंट परीक्षा देते छात्र-छात्रायें।

## यूपीएस कोल गदहिया में बच्चों को मिले पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर उच्च प्राथमिक विद्यालय कोल गदहिया में वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि प्रधान श्रीमती कमला देवी व एसएमसी अध्यक्ष मोहित सिंह, अभिभावक/पूर्व प्रधान रमेश कुमार, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष कैलाश चंद्र प्रजायत्न संस्था छलांग से श्रीमती नीलू, विद्यालय प्रधानाध्यापक अशर्फीलाल सिंह समस्त स्टाफ व बच्चों को कक्षा 6, 7, 8 में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड, प्रशस्ति पत्र व अन्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया। रविवार को पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय में वार्षिकोत्सव में बाटी-चोखा का कार्यक्रम हुआ। प्रधानाध्यापक अशर्फीलाल सिंह मिनी ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर विद्यालय का सभी स्टाफ, संकुल शिक्षक विद्यासागर सिंह समेत अभिभावक मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कार देते शिक्षक।

## गुण्डा एक्टा के तहत कई लोगो पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह ने देवकमल उर्फ देवा त्रिपाठी पुत्र रेवतीरमण लोढ़वारा, जनक वर्मा पुत्र श्यामलाल नई दुनिया, विजय कुमार गुप्ता जगदीशगंज, तुषार तिवारी पुत्र विनोद तिवारी, कमलेश कुमार पुत्र रामखिलावन, गोपाल तिवारी पुत्र निरंजन तिवारी, विष्णु तिवारी पुत्र महेन्द्र तिवारी, हिमांशु पुत्र फूलचन्द्र रामघाट, शिवाकान्त सोनी पुत्र नत्थू सोनी खोही, दीपक गुरु पुत्र रामफल कछार पुरवा पर मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## अक्षय तृतीया पर देश में नहीं हांगे बाल विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अक्षय तृतीया पर शादी ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान से जुड़े विभिन्न गैरसरकारी संगठनों के सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता राजधानी नई दिल्ली में जुटे। इस दौरान होने वाले बाल विवाहों को रोकने की रणनीति बनी। रविवार को स्वयंसेवी संस्थान के शंकरदयाल ने बताया कि सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ताओं के क्षमता निर्माण कार्यशाला वी फॉर हर फाउंडेशन व जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन सहयोग से इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड ने किया। शादी ब्याह में बाल विवाह रोकने को जमीनी स्तर पर गांव-देहात में काम करने वाले कार्यकर्ताओं को देश में हजारों की तादाद में बाल विवाह रोकने को अभियान चलेगा। खास तौर से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश राज्यों में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह होते हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान देश भर के 161 गैरसरकारी संगठनों का गठबंधन है, जो 2030 तक देश में बाल विवाह खात्मे के मुकाम पर है। जन कल्याण शिक्षण प्रसार समिति के सचिव शंकर दयाल ने कहा कि ऐसी कार्यशालायें बाल विवाह रोकथाम को जरूरी हैं।



दरोगा को विदाई देते एसपी आदि।

## सेवानिवृत्त दरोगा को एसपी ने दी भावभीनी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त दरोगा की विदाई हुई।

रविवार को पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त दरोगा दिनेश प्रताप सिंह को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी। सेवानिवृत्त दरोगा को मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों ने नास्ता करवाकर मुंह मीठा कराया। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त दरोगा से कहा कि घर जाकर स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निरंतर व्यायाम करते रहें। जीवन का अमूल्य समय पुलिस विभाग को दिया है। सभी पुलिस विभाग की ओर से सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना की। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू दुर्गविजय सिंह, वाचक पारितोष दीक्षित, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि मौजूद रहे।

# माहिरों के बीच कैसे टिकेगा-मोदी का टैम्पो हाई का नारा

## कांग्रेस ने भोगा है सत्ता का सर्वाधिक सुख, आरके व शिवशंकर जानते हैं क्षेत्रीय जनता की नब्ज

## भितरघातियों के शिकार हुए थे रामसजीवन, 2004 में ददुआ की भूमिका से कोई नहीं कर रहा इंकार

**राजेन्द्र पाण्डेय**

**चित्रकूट।** संसदीय क्षेत्र में 18वीं लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा हवाहवाई-मोदी का टैम्पो हाई होने के बाद भी भाजपा व सपा-कांग्रेस गठजोड के प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा सत्ता का स्वाद चखने वाले कांग्रेसियों में जहां खासी बेचैनी है, वहीं लोकसभा सीट हथियाने को पटेल समुदाय में पहले की भांति इस चुनाव में भी खासी बेचैनी है।

ज्ञात है कि नौ दिसम्बर 1946 से 26 जनवरी 1950 तक संविधान सभा रही। 17 अप्रैल 1952 से हुई स्थायी संसद के सांसद फतेहपुर के शिवदयाल उपाध्याय ने बांदा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व चार अप्रैल 1957 तक किया। इसके बाद इस संसदीय क्षेत्र से कालाकांकर के राजा दिनेश सिंह 1957 में सांसद चुने गये। 1962 में संसदीय क्षेत्र की जनता ने बांदा की सावित्री निगम को कांग्रेस से अपना सांसद चुनकर दिल्ली भेजा था।

अगले चुनाव 1967 में पतवन गांव के जागेश्वर यादव सीपीआई से सांसद चुने गये। पांच साल बाद 1972 में जनसंघ से चुनाव लड़े रामरतन शर्मा को संसदीय क्षेत्र की जनता ने दिल्ली भेजा था। अगले चुनाव 1977 में जनता ने इनके प्रतिनिधित्व को नकारकर कर्वी के अम्बिका पाण्डेय को सांसद चुन लिया था। पाण्डेय का कार्यकाल महज तीन साल रहा। 1980 में फिर लोकसभा चुनाव का सामना जनता को करना पड़ा। इस चुनाव में कांग्रेस के रामनाथ दुबे को जनता ने लोकसभा का प्रतिनिधित्व सौंपा। दुबे ने पांच साल तक जनता का नेतृत्व किया।

अगली बार 1984 के चुनाव में रामनाथ दुबे के स्थान पर कांग्रेस ने भीष्मदेव दुबे को चुनावी समर में उतारा। जनता ने इन्हें पसंद कर अपना नेता चुना था। इसके बाद वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस से नाता तोड़ लिया और भाकपा के रामसजीवन को अपना सांसद चुनकर दिल्ली भेजा।

रामसजीवन पहली बार महज दो साल तक सांसद रहे। इस दौरान बाबरी मजिस्द व मन्दिर मुद्दा उछालकर देश में भाजपा ने भूचाल खड़ा कर दिया था, जिसके चलते कारसेवकों के लिए मानिकपुर के टिकरिया गांव के प्रकाश नारायण त्रिपाठी ने भोजन व्यवस्था की थी। भाजपा ने इसका लाभ देते हुए प्रकाश त्रिपाठी को वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव का प्रत्याशी घोषित कर दिया था। वह भारी मतों से चुनाव जीतकर सांसद बन गये थे। पांच साल तक अपने जुदा अंदाज में सांसदी करने वाले भाजपा के प्रकाश त्रिपाठी को वर्ष 1996 में रामसजीवन ने पैंतरा बदलकर बसपा में आकर भाजपा को धूल चटाकर दुबारा सांसद चुने गये थे। उनका दुर्भाग्य रहा कि संसद फिर दो साल बाद भंग हो गई। 1998 में जनवरी माह में लोकसभा चुनाव में यह सीट भाजपा के रमेशचन्द्र द्विवेदी ने जीत ली। वर्ष 1998 में बनी संसद मात्र 13 माह में धराशायी हो गई।





वर्ष 1999 में फिर लोकसभा के चुनाव हुए, जिसमें रामसजीवन ने रमेश द्विवेदी को हराकर तीसरी बार दिल्ली पहुंचे थे। इसके बाद सांसद रामसजीवन का ये पहला मौका था कि वह पूरे पांच साल तक सांसद रहे। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने उन्हें फिर प्रत्याशी बनाया था। सपा ने उद्योगपति श्यामाचरण गुप्ता को रामसजीवन के खिलाफ सशक्त प्रतिद्वन्दी के बतौर चुनाव में उतारा। इस बार जातीय समीकरण और कुछेक बसपा नेताओं के भितरघात के चलते रामसजीवन को मुंह की खानी पड़ी और श्यामाचरण का सांसद बनने का ख्वाब पूरा हो गया। हालांकि रामसजीवन की पराजय की पृष्ठभूमि में उस दौर में सक्रिय दस्यु ददुआ की अहम भूमिका की बात से लोग इंकार नहीं कर रहे।

वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से श्यामाचरण का टिकट काटकर सपा ने आरके सिंह पटेल पर बाजी लगाई। पटेल ने 15वीं लोकसभा का चुनाव जीता। 16वीं लोकसभा 2014 के चुनाव की तस्वीर बदली। इस बार सपा का दामन छोड़कर आरके सिंह पटेल बसपा से चुनावी समर में उतरे। सपा से मिर्जापुर सांसद बालकुमार सिंह पटेल सशक्त प्रतिद्वन्दी के बतौर मैदान में आये। भाजपा ने भैरों प्रसाद मिश्र को प्रत्याशी बनाया। 2014 में मोदी लहर में भाजपा प्रत्याशी भैरों प्रसाद मिश्र तीन लाख 40 हजार मत मिले थे। 2019 में आरके सिंह पटेल फिर भाजपा से प्रत्याशी बनाये गये। उन्हें चार लाख 77 हजार 938 मत मिले थे, उन्होंने ये चुनाव जीत लिया। इस बार चुनावी परिदृश्य खासा बदला सा दिख रहा है। हर दांवपेच में माहिर सांसद आरके सिंह पटेल व भाजपा से ही कभी मंत्री रहे अब सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल भाजपा प्रत्याशी/सांसद आरके सिंह पटेल आमने-सामने हैं। बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में भाजपा में टिकटार्थियों की लम्बी लाइन के बाद भी सांसद आरके सिंह पटेल को दुबारा टिकट मिल गया। इस लोकसभा का इतिहास रहा है कि आज तक कोई भी सांसद लगातार दुबारा सांसद नहीं चुना गया। सांसद पटेल व पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल के दांवपेचों को समझ पाना सबके बूते के बाहर है। ये आंकड़े जाहिर करते हैं कि आजादी के बाद सत्ता का सर्वाधिक सुख भोगने वाली कांग्रेस के प्रत्याशी ही रहे हैं। जनता के बीच आने वाले प्रत्याशी खुद को कैसे बेहतर साबित करेंगे। इस संसदीय क्षेत्र के जनता की नब्ज समझना भी सबके बूते में नहीं है।

# पालिका अध्यक्ष कर रहे सरकारी धन का दुरुपयोगः सुशील

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका के पूर्व वार्ड मेम्बर/सपा नेता सुशील श्रीवास्तव नेता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल, नगर विकास मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष ने पद का दुरुपयोग कर नगर पालिका अधिनियम 1916 का उल्लंघन कर रहे हैं। रविवार को सपा नेता सुशील श्रीवास्तव नेता ने सूबे के मंत्रियों को लिखे पत्र में कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष पद का दुरुपयोग कर अपने सगे भाई को विज्ञापन के नाम पर लगभग 25 लाख रुपये से नगर पालिका से लाभान्वित कराया है। अधिशासी अधिकारी पर दबाव बनाकर उनके हस्ताक्षर से 25 लाख रुपये के विज्ञापन पेपर को दिये हैं। जबकि उनके भाई का पेपर जिले में दस कापी भी नहीं बंटता। सरकारी धन को बर्बाद करने व पद के दुरुपयोग का इससे बडा उदाहरण नहीं हो सकता। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका अधिनियम में साफ है कि अध्यक्ष व सभासद प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सरकारी धन का लाभ न ले सकता है और न परिवार के लोगों को दिला सकता है। भाजपा शासन में सत्ता सुख भोगते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने अधिशासी अधिकारी को जेब में रखे हैं।



पूर्व वार्ड मेम्बर सुशील श्रीवास्तव।

## सफाई अभियान से आई है जागरूकता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ तीर्थ अभियान 109वां स्वच्छता अभियान कामतानाथ परिक्रमा मार्ग स्थित तुलसी चैराहा से तृतीय मुखारविंद तक चलाया।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि गांधी जी का सपना था कि सब भारतवासी स्वच्छता के महत्व को समझें। उस पर अमल करें। पर्यावरण को भी साफ रखने में सभी को आगे आना चाहिए। ये उनका सौभाग्य है कि देवता समान व्यक्ति के कहने से उनके सहयोग से कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कामतानाथ पर्वत के आसपास एक भी कचरा न रहे। पहले से काफी हद तक सफलता मिल रही है। पहले पर्वत की तरफ कचरा बहुत रहता था, अब उतना नहीं है। ये स्वच्छता अभियान चलने से कामतानाथ परिक्रमा में जागरूकता आई है। कामतानाथ परिक्रमा के निवासियों का अच्छा सहयोग मिला कि पर्वत की ओर स्वच्छता बनाये हैं। अपील किया कि आगे भी इसी ढंग से स्वच्छता बनाये रखें। स्वच्छता का महत्व स्वच्छ-सुंदर भारत अच्छा विचार है। स्वच्छ एवं सुंदर चित्रकूट बने, सभी को प्रयास करना चाहिए। आज के अभियान में जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, जानकी कुशवाहा, अंकुर केसरवानी, मनोज कुशवाहा, हनुमान दास सिंह, विनोद कुमार, नगर पालिका टीम आदि मौजूद रहे।



सफाई करते समिति के लोग।

# रेरुआ गांव में प्रधान-सचिव भ्रष्टाचार का मचाये हैं तांडव

## तमाम सबूत के बाद भी नहीं हो रही कार्यवाही, शिकायत सामने हो तो कार्यवाही करेंः डीपीआरओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के रेरुआ गांव के शिवसम्पत सहाय ने जिलाधिकारी समेत ब्लाक के बीडीओ आदि को लिखे पत्र में कहा कि मनरेगा कर्मियों के सहयोग से कूटरचित अभिलेखों से जाबकार्ड संख्या 589 से 635 तक बाहरी लोगों व नाबालिगों तक के जाबकार्ड बनाकर एक ही परिवार के कई-कई जाबकार्ड जारी कर 18 लाख रूपये मनरेगा समतलीकरण-मेडबन्दी के नाम पर फर्जी भुगतान कर शासकीय धन का बंदरबांट किया है।

रविवार को रेरुआ गांव के शिवसम्पत सहाय ने जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि काश्तकारों के खेतों में फसल खड़ी होने के बाद जनवरी से अब तक फर्जी मस्टररोल जारी कराकर लाखों रूपये का बंदरबांट किया है। काश्तकारों के खेतों की जीपी फोटो भी लगाई है। शासन के निर्देशानुसार मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम से मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी चढ़ाने के आदेश है। अनियमित ढंग से मस्टर रोल भरकर शासकीय धन की लूट हो रही है। इंटरलाकिंग के कार्यों में मानकविहीन कार्य कराकर शासकीय धन का बंदरबांट कर बीसों लाख रुपये की सामग्री बाउचरों की फीडिंग कराई है। ग्रामीण ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है, ताकि शासकीय धन की लूट रुक सके।

इसी क्रम में मऊ तहसील के रेरुआ गांव के रामगणेश पाण्डेय ने जिलाधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि रामनगर ब्लाक के प्रधान व सचिव ने फर्जी अभिलेखों से लाखों के भुगतान किये हैं। उन्होंने शिकायत कर जिला पंचायत राज अधिकारी से खाता संचालन रोकने का अनुरोध तमाम साक्ष्य लगाकर 15 मार्च को किया था। साक्ष्यों पर कोई ध्यान न देने से 22 मार्च को बरम बाबा के पास हैण्डपम्प रिबोर के फर्जी बाउचर लगाकर भुगतान कर लिया है। अन्य भुगतान भी करने की तैयारी में है।



गौशाला में नहीं है एक भी गाय।

11 मार्च को हैण्डपम्प रिबोर के नाम पर प्रशासनिक मंजूरी के नाम पर 431000 रुपये निकाले। 22 मार्च को पुनः बाउचर लगाकर चरही निर्माण के नाम पर क्रमशः 49 हजार व 46 हजार रुपये निकाले हैं। दो फर्जी आईडी से प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति बिना धनराशि निकालकर गबन किया है। प्राथमिक विद्यालय बुधवल में रनिंग कार्य के नाम पर प्रशासनिक स्वीकृति के नाम 30 हजार रुपये निकाले हैं। रेरुआ गांव में प्रधान-सचिव भ्रष्टाचार का खुला खेल कर रहे हैं। कोई देखने-सुनने वाला नहीं है। शासकीय धन की जमकर लूट-खसोट की जा रही है। उन्होंने तमाम सबूत देते हुए कहा कि रेरुआ गांव के कार्यों की जांचकर दोषियों पर कार्यवाही की जाये। इस बारे में डीपीआरओ इन्द्रनारायण सिंह ने बताया कि शिकायत उनके सामने आये तो वे कुछ कह सकते हैं। जब शिकायत ही उनके सामने नहीं आई तो वे क्या कहें।

## दस जुआरी जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा रामकुमार की टीम ने दस जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। रविवार को दरोगा राम कुमार की टीम ने छापेमारी कर जुआ खेलते रामनारायण पुत्र सदाशिव, राजू पुत्र कल्लू, रामसजीवन, राममिलन पुत्र मदन, रज्जन पुत्र रामबहादुर, झुल्लूराम पुत्र शिवनरेश, पृथ्वीराम पुत्र राम बहादुर निवासी बीच का पुरवा मानपुर, शिवबिलास पुत्र प्रहलाद खोर का पुरवा, संदीप कुमार पुत्र रामप्रताप व नत्थू पुत्र शिवलोचन निवासी खरईया पुरवा को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते दबोचा है। जुआरियो के कब्जे से मालफड़ से 2110 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 2850 रुपये बरामद किये। जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा रामकुमार, दीवान वीर सिंह, सिपाही विवेक कुमार व अखिलेश शामिल रहे।

# सीरिया के विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले क्षेत्र में कार बम विस्फोट, दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत

**बेरूत।** उत्तरी सीरिया में तुर्किये स्थित सीरियाई विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में शनिवार देर रात हुए कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी। बचावकर्मियों और युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। अलेप्पो प्रांत के अजीज शहर में बम विस्फोट हुआ। सीरियन सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाले बाजार में



हुए विस्फोट में पांच नागरिक घायल भी हो गए और इलाके में दुकानें तथा मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अभी किसी समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस बीच, ब्रिटेन स्थित युद्ध निगरानी संस्था ह्यसीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमैन राइट्सह्न ने कहा कि कम से कम आठ लोगों की मौत हुई है और 23 घायल हुए हैं। तुर्किये ने 2016 के बाद से सीरिया में तीन प्रमुख सीमा पार अभियान शुरू किए और उत्तरी सीरिया में कुछ इलाकों को अपने कब्जे में ले लिया।

## नेपाल की संसद में गूंजा धार्मिक अनास्था को लेकर अमेरिकी फंडिंग का मुद्दा

**काठमांडू।** नेपाल में धार्मिक अनास्था फैलाने के लिए अमेरिकी संस्था द्वारा बडे.पैमाने पर फंडिंग किए जाने का मामला रविवार को संसद में भी गूंजा। कई दलों के सदस्यों ने इस मुद्दे पर संसद में प्रधानमंत्री के जवाब की मांग की है।

नेपाली संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में नेपाली कांग्रेस की सदस्य रमा कोईराला ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देश में धार्मिक अनास्था फैलाने के लिए अमेरिकी फंडिंग का मामला मीडिया में आने के बाद भी सरकार खामोश है। कोइराला ने कहा कि यह सीधे-सीधे हिन्दू धर्म पर प्रहार है। देश की सनातन संस्कृति के खिलाफ फंडिंग होने के मामले में खुद प्रधानमंत्री को इस बारे में सदन में आकर जवाब देना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के राजेन्द्र लिंग्देन ने कहा कि जिस दिन यह खबर मीडिया में आई उसके अगले दिन ही उन्होंने अमेरिकी राजदूत को बुला कर इस संबंध में जानकारी ली थी। लिंग्देन ने कहा कि जिस तरह से अमेरिकी संसद में वहां के एक कांग्रेसमैन ने इस मामले को उठाया है उसके बाद भी नेपाल सरकार को इस मामले को गंभीरतापूर्वक लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस विषय में नहीं बोलेगी या अपना विरोध दर्ज नहीं करती है तो यह समझा जाएगा कि कहीं ना कहीं नेपाल सरकार भी इसमें संलग्न है। लिंग्देन ने कहा कि तत्काल अमेरिकी राजदूत को तलब कर इस मामले में पूछताछ करनी चाहिए। उन्होंने धार्मिक अनास्था फैलाने के मामले की जांच कराने की भी मांग की है।

जनता समाजवादी पार्टी के प्रमुख सचेतक प्रदीप यादव ने कहा कि नेपाल में कौन लोग हैं और कौन सी संस्था है जो अमेरिका से फंडिंग लेकर यहां धार्मिक अनास्था फैलाने का काम कर रही है। यह जांच का विषय है और सरकार को बिना देरी इसकी जांच करवानी चाहिए।

## बाल्टीमोर पुल हादसा: मलबा हटाने का काम शुरू

**बाल्टीमोर।** अमेरिका के बाल्टीमोर शहर में विशालकाय कार्गो शिप की टक्कर से बुरी तरह क्षतिग्रस्त फ्रांसिस स्कॉट पुल का मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। विशेषज्ञ दल मैरीलैंड की पटाप्सको नदी से ब्रिज के क्षतिग्रस्त स्टील और कंक्रीट के मलबे को हटाने का काम कर रहा है। उन चार श्रमिकों को भी तलाशने का प्रयास किया जा रहा है जो घटना के बाद से लापता हैं और जिन्हें मृत मान लिया गया है। बाल्टीमोर बंदरगाह को दोबारा खोलने की दिशा में यह पहला कदम है।

उल्लेखनीय है कि 25 मार्च की देर रात एक विशालकाय मालवाहक जहाज नियंत्रण खोने के बाद फ्रांसिस स्कॉट ब्रिज से टकरा गया था जिसमें पुल का अधिकांश हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ढह गया था। हादसे के समय ब्रिज पर मेंटेनेंस का काम चल रहा था। ब्रिज के ढहने से 6 कर्मचारियों की मौत हो गई। यह मालवाहक जहाज श्रीलंका की राजधानी कोलंबो जा रहा था। मालवाहक जहाज पर सिंगापुर का झंडा लगा हुआ था और इसमें 22 क्रू मेंबर थे जो सभी भारतीय थे। हादसे के बाद मलबे को हटाकर ब्रिज की रिपेयरिंग में कम से कम 200 करोड़ की लागत आ सकती है।

लेन के अजीब सिद्धांत का अमेरिकी नेटिजन्स ने मजाक उड़ाया
हाल ही में अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एल येलेन ने कुछ विचित्र टिप्पणियां कीं

## येलेन के अजीब सिद्धांत का अमेरिकी नेटिजन्स ने मजाक उड़ाया

**बीजिंग।** हाल ही में अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एल येलेन ने कुछ विचित्र टिप्पणियां कीं, जिससे अमेरिकी नेटिजन्स ने उनका मजाक उड़ाया। अमेरिका के जॉर्जिया में एक फोटोवोल्टिक सेल फैक्ट्री के दौरे पर पहुंची येलेन ने दावा किया कि चीन के नए ऊर्जा उद्योग में "अतिक्षमता" की समस्या है, जिसने वैश्विक कीमतों और उत्पादन मॉडल को विकृत कर दिया है और अमेरिकी कंपनियों और श्रमिकों के हितों को नुकसान पहुंचाया है।

जैसे ही यह बयान सामने आया, अमेरिकी नेटिजनों ने तुरंत इसका मजाक उड़ायाः ह्लपहले कह रहे थे कि चीन हरित ऊर्जा के क्षेत्र में पर्याप्त काम नहीं कर रहा है, अब अचानक उन पर बहुत अधिक करने का आरोप लगा रहे हैं। अमेरिका चुप क्यों नहीं रह सकता और वह नहीं कर सकता जो उसे करना चाहिए? जब अमेरिका को प्रतिस्पर्धात्मक लाभ होता है, तो वह मुक्त बाजार की बात करता है; जब ऐसा नहीं होता है, तो वह संरक्षणवाद की बात करता है। यह तो अमेरिकी नियम ही है ह्व

इन टिप्पणियों ने कुछ अमेरिकी राजनेताओं की दबंग बयानबाजी और पाखंडी "दोहरे मानकों" को उजागर कर दिया है।

हरित विकास चीनी शैली के आधुनिकीकरण की एक अंतर्निहित आवश्यकता है। चीन "कार्बन शिखर" और "कार्बन तटस्थता" के लक्ष्य प्रस्तावित करने वाला दुनिया का पहला प्रमुख देश है। 2023 में, चीन के "तीन नए उत्पादों" ने, जिनमें इलेक्ट्रिक यात्री वाहन, लिथियम-आयन बैटरी और सौर बैटरी शामिल हैं, कुल 10.6 खरब युआन (लगभग 122.4 खरब रुपये) का निर्यात किया, जिसमें वर्ष 2022 की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

यह न केवल चीन की आर्थिक जीवन शक्ति को प्रदर्शित करता है, बल्कि अन्य देशों को हरित परिवर्तन करने और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने में सकारात्मक योगदान देने में भी मदद करता है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति को बदलने का संकल्प लिया

आर्थिक और सुरक्षा चुनौतियों से जूझ रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को देश की आर्थिक स्थिति को बदलने का संकल्प लिया। उन्होंने सरकारी मीडिया को बताया कि सभी मंत्रालयों के साथ पांच साल की योजना को साझा किया गया है।

रेडियो पाकिस्तान की एक रिपोर्ट के अनुसार शरीफ ने मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान सभी मंत्रालयों के साथ एक पांचवर्षीय योजना साझा की है, जिसमें उनके लिए लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। शरीफ ने इस



महीने की शुरूआत में दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मंत्रालयों को इन लक्ष्यों को हासिल करने के लिए रणनीति बनानी होगी और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा, हमें अपने खर्चों में कटौती करनी होगी और देश को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाना होगा। शरीफ ने कृषि और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा जताया कि वाणिज्य मंत्रालय मौजूदा सरकार के कार्यकाल में देश के निर्यात को दोगुना करने के लिए जरूरी कदम उठाएगा।

# नेपाल के कीचक वध क्षेत्र के उत्खनन में मिले 2200 वर्ष पुराने पांच भवनों के अवशेष

**काठमांडू।** नेपाल के पुरातत्व विभाग द्वारा विराट नगर के कीचक वध क्षेत्र में कराए गए उत्खनन में 2200 वर्ष पुराने पांच भवनों के अवशेष मिले हैं। कीचक वध क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से उत्खनन का कार्य चल रहा है।

उत्खनन का नेतृत्व कर रहे प्रमुख पुरातत्वविद् उद्धव आचार्य ने रविवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र में महाभारतकालीन कीचक वध क्षेत्र में किए गए उत्खनन में पांच भवनों के अवशेष मिले हैं। इसकी जांच में पता चला है कि यह भवन करीब 2200 वर्ष पुराना है। उद्धव आचार्य ने बताया कि यह दूसरी बार है जब इस क्षेत्र का उत्खनन किया जा रहा है। पहली बार वर्ष 1998 में उत्खनन किया गया था। आचार्य के मुताबिक इस बार के उत्खनन में पांच भवनों के अवशेष मिले हैं। इस अवशेष के महाभारत के समकालीन होने के भी दावे किए जा रहे हैं। इसकी विस्तृत जांच और उत्खनन के लिए भारत सहित अन्य देशों से पुरातत्वविदों को बुलाने की सिफारिश की गई है।

उद्धव आचार्य ने बताया कि इस बार के उत्खनन में जिस तरह के भवनों के अवशेष मिले हैं वह किसी राजमहल की तरह है। उत्तर-पूर्व दिशा में एक पांच मंजिला भवन के अवशेष मिले हैं। इस बहुमंजिला भवन के कुछ ही दूरी पर दक्षिण दिशा में एक और भवन के अवशेष मिले हैं। इसी मुख्य भवन के दक्षिण पश्चिम दिशा में जिस तरह की संरचना के अवशेष मिले हैं उससे यह प्रतीत होता है कि वह भवन निजी सुरक्षाकर्मियों के लिए बनाया गया होगा। इस भवन के उत्तर पश्चिम में राजभवन की सुरक्षा में रहे सैन्य भवन के अवशेष मिले हैं। इस भवन के पश्चिम दिशा में एक और बहुमंजिला भवन के अवशेष मिले हैं। इसके करीब 200 फुट की दूरी पर एक अलग भवन का अवशेष मिला है जिसको सैन्य अधिकारियों के लिए बनाए जाने का दावा किया गया है।

आचार्य ने बताया कि विदेशों से विशेषज्ञों के आने के बाद उत्खनन में करीब एक वर्ष का समय लग सकता है। उन्होंने कहा कि यह अवशेष भगवान गौतम बुद्ध से पहले के समय का लगता है। महाभारत काल में यह क्षेत्र विराट राज्य के अन्तर्गत आता था। इसी क्षेत्र में पांडवों ने 12 वर्ष के वनवास के बाद एक वर्ष के अज्ञातवास का समय व्यतीत किया था। इन अवशेषों को लेकर यह दावा किया गया है कि यह भवन विराट नरेश के प्रधान सेनापति कीचक का हो सकता है। महाभारत की कथा के मुताबिक द्रौपदी के साथ अभद्र व्यवहार करने के कारण भीम ने कीचक का वध कर दिया था।

# नगालैंड सरकार ने नगा संगठन से लोकसभा चुनाव का बहिष्कार न करने की अपील की

**कोहिमा।** नगालैंड सरकार ने शनिवार को ईस्टर्न नगालैंड पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (ईएनपीओ) से अपील की कि वह 19 अप्रैल को एकमात्र लोकसभा सीट के लिए होने वाले चुनाव का बहिष्कार न करे। यह संगठन नगालैंड के छह जिलों को मिलाकर एक अलग प्रशासन या राज्य की मांग कर रहा है।

ईएनपीओ साल 2010 से ही अलग राज्य की मांग कर रहा है। उसका दावा है कि पूर्वी नगालैंड के छह जिलों को वर्षों से उपेक्षित रखा गया है। संगठन ने अपनी मांगों पर दबाव डालने के लिए लोकसभा चुनावों के बहिष्कार की घोषणा की है।

अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नगालैंड सरकार के मंत्रिपरिषद ने ईस्टर्न नगालैंड लेजिस्लेटिव यूनियन (ईएनएलयू) के सदस्यों के साथ बैठक की और ईएनपीओ की मांगों और 8 मार्च से चल रहे उसके आंदोलन पर चर्चा की।

बैठक में ईएनएलयू सदस्यों ने राज्य मंत्रिमंडल को अपनी हालिया दिल्ली यात्रा और




गुरुवार को तुएनसांग में ईएनपीओ के साथ बैठक के बारे में जानकारी दी। नगालैंड सरकार के एक अधिकारी ने मीडिया को बताया, संसदीय चुनावों में भागीदारी और राजनीतिक प्रक्रिया के भीतर सभी आवाजों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट और ईएनएलयू सदस्यों ने गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से ईएनपीओ से एक ईमानदार अपील करने का फैसला किया, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव से दूर न रहने, बल्कि चुनावों में भाग लेने और अधिक लाभ के लिए लोकतांत्रिक कर्तव्य को पूरा करने का आग्रह किया गया।

अधिकारी ने कहा, बैठक में आगे कहा गया कि केंद्र में नई सरकार बनने पर ईएनपीओ की मांगों पर आगे की बातचीत के लिए अनुकूल माहौल बनाया जाएगा। बीते गुरुवार को तुएनसांग में ईएनएलयू के 20 विधायकों और विभिन्न अन्य संगठनों के साथ बंद कमरे में नौ घंटे समन्वय बैठक करने के बाद ईएनपीओ नेताओं ने राज्य में 19 अप्रैल के लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने का अपना आह्वान दोहराया।

ईएनपीओ के एक प्रवक्ता ने यह भी कहा कि नगालैंड के पूर्वी हिस्से में 8 मार्च से शुरू हुआ 'सार्वजनिक आपातकाल' जारी रहेगा।

नगालैंड में भाजपा संयुक्त जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का हिस्सा है। इसने पहले ईएनपीओ से अलग राज्य की उनकी मांग पूरी करने के लिए सरकार के साथ बातचीत करने का आग्रह किया था।

ईएनपीओ ने पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था, लेकिन बाद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आश?वासन के बाद इसे वापस ले लिया था।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ईएनपीओ की मांगों का अध्ययन करने के लिए पिछले साल तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था और पैनल ने तब से कई बार नगालैंड का दौरा किया है और सभी पक्षों के साथ चर्चा की है।

## नेपाल के सीमावर्ती शहर में छिपकर भारत में ऑनलाइन ठगी करने वाले तीन चीनी नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के सीमावर्ती इलाकों में रहकर भारत में ऑनलाइन ठगी करने के आरोप में नेपाल पुलिस ने बिहार से सटे सीमावर्ती शहर बीरगंज से तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

बीरगंज पुलिस के प्रवक्ता डीएसपी कुमार विक्रम थापा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बिहार पुलिस की तरफ से उन्हें ठगी की शिकायत मिली थी। इनका संबंध बीरगंज से होने की जानकारी मिलने के बाद इन पर नजर रखी जा रही थी। थापा ने बताया कि कई दिनों के प्रयास के बाद खबर मिली कि बीरगंज के अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग संदिग्ध गतिविधि में संलग्न हैं। पुलिस ने बीती रात दबिश देकर तीन अलग-अलग स्थानों से तीन चीनी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

डीएसपी विक्रम थापा ने बताया की पकड़े गए तीनों चीनी नागरिकों की पहचान हुनान प्रांत के 33 वर्षीय लुई गुइ चाई, हुवेई प्रांत के 26 वर्षीय वांग बोहांग और हुबेई प्रान्त के 36 वर्षीय सियांग जियाओ के रूप में की गई है। इनके कमरे से छापामारी के दौरान पुलिस ने 12 कम्प्यूटर डेस्क टॉप, 12 मॉनिटर, 9 लैपटॉप, तीन पासपोर्ट, 6 प्रिंटर, एक दर्जन मोबाइल फोन और 50 से अधिक भारतीय सिमकार्ड भी बरामद किया है। नेपाल पुलिस ने भारतीय सिमकार्ड के बारे में बीरगंज स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास को जानकारी दे दी है।

## नेपाल में इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास में चीन ने समझौते तो कई किए, पर कार्यान्वयन शून्य

**काठमांडू।** नेपाल में बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को लेकर चीन ने कई समझौते पर हस्ताक्षर तो किए हैं, लेकिन उसके कार्यान्वयन का पक्ष एकदम कमजोर है। हाल ही में काठमांडू के मेयर द्वारा चीन की इस नीति की आलोचना करने के बाद अब चीन की सीमा से सटे देश के उत्तरी जिले के अधिकारियों ने भी चीन पर निशाना साधा है।

चीन ने सीमा से सटे नेपाल के 15 जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 3000 करोड़ रुपये देने का समझौता नेपाल सरकार के साथ किया था। पांच वर्ष पहले हुए इस समझौते के तहत चीन ने आज तक एक भी रुपये खर्च नहीं किए। संघीय मामलों के मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के साथ चीन सरकार ने 2019 में ही एक समझौता किया था। इस समझौते में नेपाल के सीमावर्ती 15 जिलों में बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर करीब 3000 करोड़ रुपये खर्च किए जाने का जिक्र है, पर वित्त एवं संघीय मामलों के मंत्रालय की तरफ से बार बार पत्राचार किए जाने के बावजूद चीन की तरफ से ना तो इसका कोई जवाब दिया जा रहा है और ना ही कोई आश्वासन।

वित्त मंत्री वर्षमान पुन ने इससे जुड़े एक सवाल पर कहा कि जल्द ही चीन के राजदूत को बुला कर इस संबंध में पूछताछ की जाएगी। हालाकि संघीय मामलों के मंत्रालय के बुनियादी ढांचा विकास विभाग के संयुक्त सचिव कमल प्रसाद भट्टराई ने कहा कि चीन की तरफ से अब तक उस समझौते का कार्यान्वयन किया जाएगा या नहीं, उसको लेकर असमंजस की स्थिति है। भट्टराई के मुताबिक अब तक दर्जन भर पत्र चीन के दूतावास को लिखा जा चुका है पर अब तक एक भी पत्र का जवाब नहीं मिला है।

सिर्फ इतना ही नहीं चीन ने अपनी सीमा से सटे नेपाल के इन 15 जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सिंचाई, सौर ऊर्जा और सड़क निर्माण में सहयोग को लेकर भी नेपाल सरकार के साथ कई समझौते किए हैं। संघीय मामलों की पूर्व मंत्री अनिता साह ने बताया कि चीन ना तो अपनी प्रतिबद्धता पूरा कर रहा है और ना ही उन क्षेत्रों में किसी और देश को सहयोग करने देता है। प्रचंड सरकार में हाल में इस मंत्रालय को संभालने वाली अनिता साह ने बताया कि यदि भारत या अन्य कोई पश्चिमी देश चीन से सटे किसी जिले में सामान्य भ्रमण के लिए भी चला जाता है तो चीनी राजदूत की तरफ से उस पर आपत्ति दर्ज किया जाता है। यदि किसी ने विकास कार्यों में कुछ सहयोग कर दिया तब तो चीन का पारा सातवें आसमान पर होता है।

साह ने आरोप लगाया कि चीन की इस दोहरी नीति के खिलाफ सरकार को सख्त होने की जरूरत है। क्योंकि अगर चीन अपनी प्रतिबद्धता पूरा नहीं करता है तो उसके साथ हुए समझौते को खत्म कर देना चाहिए। चीन से सटे नेपाल के जिलों में दाचुर्ला, बझांग, हुमला, मुगू, डोल्पा, मुस्तांग, मनांग, गोरखा, धादिंग, रसुवा, सिन्धुपालचोक, दोलखा, सोलुखुम्बु, संखुवासभा और ताप्लेजुंग शामिल हैं।

## इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक में की फिलिस्तीनी किशोर की हत्या



**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इजराइली सेना ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर में एक फिलिस्तीनी किशोर की हत्या कर दी और दो अन्य को घायल कर दिया।

सूत्रों ने समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि 13 वर्षीय मुतासिम अबू अबेद को जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में गोलियों से भून दिया गया।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया कि हमले में घायल दो लोगों में से एक की हालत गंभीर है। उसे जेनिन के अल-रजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजराइली सेना ने कबातिया पर हमला किया और गोलीबारी की।

फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले साल सात अक्टूबर को इजराइल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में इजराइल द्वारा 450 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार दिया गया है।

## आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक 3 अप्रैल से, नीतिगत दर यथावत रहने की संभावना

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की वित्त वर्ष 2024-25 की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की पहली तीन दिवसीय समीक्षा बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी।

आर्थिक मामलों के विशेषज्ञों ने रविवार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की मौद्रिक नीति समिति की समीक्षा बैठक में आरबीआई एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी। इस मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा 5 अप्रैल को की जाएगी।